ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्ष: 3 अंक : 183
मेरठ, शनिवार, 4 मई 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार




विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क वृहद... 6
राष्ट्रहित सर्वोपरि
गंगा-जमुनी संस्कृति पर चोट करते तल्खी के बोल... 4

एक नजर..

## धामी के लिए सीट छोड़ने वाले गहतौड़ी का निधन



देहरादून,(एजेंसी) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 2022 में अपनी चंपावत सीट खाली करने वाले पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतौड़ी का शुक्रवार को सुबह यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि 55 वर्षीय गहतौड़ी ने यहां सरकारी दून अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । गहतौड़ी को अपना 'प्रिय मित्र और बड़ा भाई' बताते हुए उन्होंने कहा, 'इस कष्ट को शब्दों में बयान नहीं कर पा रहा हूं।'

निर्वाचन आयोग का राज्यों को निर्देश

# चुनाव लड़ने वालों को तुरंत दें 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट'






नयी दिल्ली, (एजेंसी) निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राज्यों को निर्देश दिया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को आग्रह करने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट जारी किये जायें, क्योंकि जो लोग नामांकन के दौरान यह जमा नहीं करवाते उनका नामांकन पत्र रद्द होने की आशंका रहती है। अगर कोई उम्मीदवार सारे बकायों का भुगतान करने के बाद भी नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट जमा नहीं करा पाता है तो नामांकन पत्रों की जांच के समय यह उनकी उम्मीदवारी के खिलाफरहता है।

पश्चिम बंगाल के वर्धमान में शुक्रवार को एक जनसभा के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी। दृ प्रेट्र

आयोग के परामर्श में यह भी कहा गया है कि उन उम्मीदवारों को भी 'कोई राहत नहीं' मिलेगी जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन दाखिल करने की वैधानिक अवधि समाप्त होने के बाद नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट जमा कराते हैं। आयोग ने कहा है कि ऐसे उदाहरणों से न केवल इच्छुक उम्मीदवारों को बल्कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के राजनीतिक दलों और मतदाताओं को भी नुकसान हो सकता है और यह 'सहभागी चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को कमजोर करता है।'

### जेल में बंद अलगाववादी नेता के भाई ने भरा नामांकन

बारामूला : जेल में बंद अलगाववादी नेता नईम खान के भाई मुनीर खान ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किए, जिसपर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। नईम खान को 24 जुलाई 2017 को आतंकवाद से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया था। नईम ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट का नेतृत्व किया था, जिसपर सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगा दिया था।

### 'इंडिया' वाले करते हैं राष्ट्रविरोधी ताकतों का समर्थन :नड्डा



दाहोद : भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सदस्य राष्ट्रविरोधी ताकतों का समर्थन कर रहे हैं और वे भगवान राम के खिलाफहैं। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव की कोशिश कर रही है। गुजरात के दाहोद में एक रैली में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के कई नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं और यह परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्ट लोगों का गठजोड़ बन गया है।

### चिराग की तेजस्वी को कानूनी कार्रवाई की धमकी

पटना : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को आरक्षण पर उनके रुख के बारे में गलत बयान देने का आरोप लगाते हुए राजद के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफकानूनी कार्रवाई की धमकी दी। रतेजस्वी ने दावा किया है कि लोजपा (आर) प्रमुख ने संपन्न दलितों के लिए आरक्षण खत्म करने की वकालत की है। चिराग हाजीपुर लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी को पासवान ने चुनौती दी कि वह 'मेरा कोई ऐसा बयान दिखाएं जिसमें मैंने सार्वजनिक तौर पर, अमीर दलितों के लिए आरक्षण खत्म करने के पक्ष में बात की हो।'

### शिवसेना (यूबीटी) नेता को लेने आया हेलीकॉप्टर क्रैश



मुंबई : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को एक हेलीकॉप्टर नीचे उतरते समय एक ओर झुक गया जिससे उसका पायलट घायल हो गया। हेलीकॉप्टर को एक चुनाव रैली के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे को लेने जाना था। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे ने बताया कि सुबह जब हेलीकॉप्टर नीचे उतरते हुए जमीन के बेहद नजदीक था तब उसकी तेज हवा से उड़े धूल के गुबार की वजह से यह हादसा हुआ होगा। हेलीकॉप्टर के 'रोटर ब्लेड' टूट गए। पायलट को चोटें आईं तथा उसे अस्पताल ले जाया गया। सुषमा अंधारे फेसबुक के माध्यम से हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग कर रही थीं।

### महात्मा गांधी पर कांग्रेस नेता का विवादित बयान

राजकोट : गुजरात कांग्रेस के पूर्व विधायक इंद्रनील राजगुरु ने गांधी जी के लिए 'चालाक' शब्द का इस्तेमाल करके विवाद खड़ा कर दिया है और यह भी दावा किया कि राहुल गांधी महात्मा से बेहतर हैं क्योंकि वह 'साफदिल वाले और स्पष्टवादी' हैं। राजगुरु ने जहां दावा किया कि उनके कहने का मतलब था कि गांधीजी 'चतुर' थे वहीं, गुजरात भाजपा के उपाध्यक्ष भरत बोगरा ने कहा कि लोग महात्मा पर ऐसी टिप्पणियों के लिए कांग्रेस को माफनहीं करेंगे। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में यहां एक मई को दूधसागर मार्ग पर एक छोटी सभा को संबोधित करते हुए राजकोट के पूर्व विधायक ने कहा, 'यदि आप चाहें तो मेरे शब्द लिख लें। आने वाले दिनों में राहुल गांधी ही अगले महात्मा गांधी बनकर उभरेंगे। गांधीजी जहां कुछ हद तक चालाक थे, वहीं राहुल गांधी पूरी तरह से स्पष्टवादी और साफदिल के हैं।' मीडिया द्वारा इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर राजगुरु ने कहा कि आज भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। यह केवल राहुल गांधी हैं जो भाजपा के खिलाफउसी तरह लड़ रहे हैं जैसे महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी थी। मैंने गांधीजी से संबंधित इतिहास की कई किताबें पढ़ी हैं और ऐसी ही एक किताब में इस बारे में जिक्र था (कि गांधीजी चालाक थे)। मैंने अपने शब्द नहीं जोड़े हैं। राजगुरु ने यह भी दावा किया कि वह 'चतुर' शब्द का उपयोग करना चाहते थे, जो उनके अनुसार चालाक शब्द का समानार्थी है।

## कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमटेगी : मोदी



बर्द्धमान/कृष्णानगर, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने तीन महीने पहले ही दावा किया था कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता इस बार चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, 'वो डर के मारे भाग जाएंगी। भाग करके राजस्थान गईं और राज्यसभा में आईं।' मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, 'अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फदेश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।' मोदी ने कहा, 'लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें अब तक के सबसे निचले स्तर पर होंगी। कांग्रेस जितनी चाहे कोशिश कर ले, लेकिन पार्टी इस बार अर्धशतक का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्हें 50 सीट पाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा।'

## मान सरकार की याचिका पर चंडीगढ़ में सीएम आवास रोड खोलने के आदेश पर रोक



नयी दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के सामने की सड़क को जनता के लिए फिर से खोलने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस भी जारी किया। मामले में आगे की सुनवाई सितंबर में होगी। पीठ ने कहा, 'परीक्षण के आधार पर सड़क खोलने के निर्देश पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है।' शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और जस्टिस लपिता बनर्जी की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह यातायात को कम करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के सामने सभी कार्य दिवसों पर सुबह 7 बजे से प्रतिदिन 12 घंटे के लिए सड़क को फिर से खोलने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि 1980 के दशक में आतंकवाद के दौरान सड़क बंद कर दी गई थी और तब से चीजों में बड़ा बदलाव आया है। शीर्ष अदालत का उक्त आदेश तब आया जब पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास के सामने सड़क जो आतंकवाद के कारण 1980 के दशक से बंद है, को फिर से खोलने से सुरक्षा को खतरा होगा।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पंजाब सरकार की दलीलों का समर्थन किया और शीर्ष अदालत से हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। तमाम दलीलों के बाद सॉलिसिटर जनरल और पंजाब सरकार दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि वे मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा सकते। इसके बाद शीर्ष अदालत हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने पर सहमत हो गई।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को सुखना झील को चंडीगढ़ के नयागांव से जोड़ने वाली 500 मीटर की सड़क को प्रयोग के आधार पर एक मई से खोलने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस को सड़क के लिए यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए यातायात विशेषज्ञों को भी इसमें शामिल करने का निर्देश दिया था। सड़क को कार्य दिवसों पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक खोला जाना था। सड़क बंद होने की वजह से नयागांव और सुखना झील के बीच यात्रा करने वाले लोगों को शहर के निकटवर्ती सेक्टरों से होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है।

## सहनशीलता अच्छे विवाह की नींव : सुप्रीम कोर्ट

### एक महिला द्वारा पति के खिलाफदहेज उत्पीड़न का केस रद्द



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सहनशीलता, समायोजन और सम्मान एक अच्छे विवाह की नींव हैं तथा छोटे-मोटे झगड़े और छोटे-मोटे मतभेद साधारण मामले होते हैं जिन्हें इतना बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए कि इससे वह चीज नष्ट हो जाए जिसके बारे में कहा जाता है कि वह स्वर्ग में बनती है। न्यायालय ने यह बात एक महिला द्वारा पति के खिलाफदायर किए गए दहेज उत्पीड़न के मामले को रद्द करते हुए कही।

कोर्ट ने कहा कि कई बार विवाहित महिला के माता-पिता एवं करीबी रिश्तेदार बात का बतंगड़ बना देते हैं और स्थिति को संभालने तथा शादी को बचाने के बजाय उनके कदम छोटी-छोटी बातों पर वैवाहिक बंधन को पूरी तरह से नष्ट कर देते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि महिला, उसके माता-पिता और रिश्तेदारों के दिमाग में सबसे पहली चीज पुलिस की आती है जैसे कि पुलिस सभी बुराइयों का रामबाण इलाज हो। पीठ ने कहा कि मामला पुलिस तक पहुंचते ही पति-पत्नी के बीच सुलह के उचित अवसर नष्ट हो जाते हैं शीर्ष अदालत ने कहा, 'पति-पत्नी अपने दिल में इतना जहर लेकर लड़ते हैं कि वे एक पल के लिए भी नहीं सोचते कि अगर शादी टूट जाएगी, तो उनके बच्चों पर क्या असर होगा।' इसने कहा, 'हम ऐसा क्यों कह रहे हैं, इसका एकमात्र कारण यह है कि पूरे मामले को ठंडे दिमाग से संभालने के बजाय, आपराधिक कार्यवाही शुरू करने से एक-दूसरे के लिए नफरत के अलावा कुछ और नहीं मिलेगा। पति और उसके परिवार द्वारा पत्नी के साथ वास्तविक दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के मामले हो सकते हैं। इस तरह के दुर्व्यवहार या उत्पीड़न का स्तर अलग-अलग हो सकता है।' शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त करते हुए की जिसमें आपराधिक मामले को रद्द करने के पति के आग्रह को खारिज कर दिया गया था। पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर दहेज की मांग की तथा उसे मानसिक एवं शारीरिक तौर पर आघात पहुंचाया। प्राथमिकी में कहा गया कि महिला के परिवार ने उसकी शादी के समय एक बड़ी रकम खर्च की थी और पति तथा उसके परिवार को काफी धन दिया था। हालांकि, शादी के कुछ समय बाद पति और उसके परिवार ने उसे इस झूठे बहाने से परेशान करना शुरू कर दिया कि वह एक पत्नी और बहू के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल है। उन्होंने उस पर अधिक दहेज के लिए भी दबाव डाला। पीठ ने कहा कि प्राथमिकी और आरोपपत्र को पढ़ने से पता चलता है कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप काफी अस्पष्ट हैं।

**वैवाहिक विवादों में अंतिम उपाय हो पुलिस का सहारा**

न्यायालय ने कहा कि वैवाहिक विवादों में पुलिस तंत्र का सहारा अंतिम उपाय के रूप में लिया जाना चाहिए। इसने कहा, 'सभी मामलों में, जहां पत्नी उत्पीड़न या दुर्व्यवहार की शिकायत करती है, भादंसं की धारा 498ए को यांत्रिक रूप से लागू नहीं किया जा सकता। पति-पत्नी के बीच रोजमर्रा की शादीशुदा जिंदगी में मामूली गुस्सा और मामूली झगड़े भी क्रूरता की श्रेणी में नहीं आ सकते।'

## चुनाव के चलते केजरीवाल को अंतरिम जमानत संभव !

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 7 को सुनवाई के दौरान तैयार रहे ईडी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई में तो समय लग सकता है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मौजूदा लोकसभा चुनावों के मद्देनजर उन्हें अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तारी के 43 दिन बाद राहत की उम्मीद देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि वह सात मई को दलीलें सुनने पर विचार कर सकता है और एजेंसी इसके लिए तैयार रहे। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफकेजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। अदालत एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है।

**संजय सिंह के बयानों का हवाला, करेंगे विरोध**

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करेंगे। उन्होंने मामले में पिछले महीने आप नेता संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद उनके द्वारा दिए गए बयानों की ओर इशारा किया। राजू ने कहा, 'कृपया देखिए कि वह किस तरह के बयान दे रहे हैं।' पीठ ने कहा, 'हम यह नहीं कह रहे कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते।'

**केजरीवाल के वकील की दलीलों की भी आलोचना**

केजरीवाल की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की इन दलीलों की भी कोर्ट ने आलोचना की कि राजनीतिक दल होने के नाते 'आप' पीएमएलए की धारा 70 के दायरे में नहीं आएगी। पीठ ने कहा, 'आपकी दलीलों को स्वीकार करना मुश्किल है।'

**आबकारी नीति केस में एक और गिरफ्तार**

ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में विनोद चौहान नाम के एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया है। चौहान पर गोवा विधानसभा चुनाव में आप के चुनाव अभियान के लिए 'साउथ ग्रुप' द्वारा दी गई कथित रिश्वत के माध्यम से नकदी हस्तांतरित करने का आरोप है। इस मामले में यह 18वीं गिरफ्तारी है।

## रायबरेली :रण में राहुल अमेठी, 25 साल बाद गैर गांधी



कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए प्रतिष्ठित मानी जाने वाली रायबरेली और अमेठी सीटों पर आखिरकार सस्पेंस खत्म हुआ। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन उम्मीदवारों का फैसला किया गया। राहुल अब ऐसी सीट से किस्मत आजमा रहे हैं जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व में उनकी मां सोनिया गांधी, दादी इंदिरा गांधी और दादा फिरोज गांधी करते रहे हैं। उधर, अमेठी से 25 वर्षों में पहली बार गांधी परिवार से कोई चुनाव नहीं लड़ रहा। यहां से पार्टी ने केएल शर्मा को मैदान में उतारा है।

**खड़गे, सोनिया और प्रियंका समेत कई नेताओं की मौजूदगी में भरा पर्चा**

रायबरेली, (एजेंसी) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। राहुल ने इस सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से मुश्किल से घंटा भर पहले अपना पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस ने इससे पूर्व रायबरेली सीट पर उम्मीदवारी को लेकर बने रहस्य से पर्दा हटाते हुए सुबह यहां से राहुल गांधी को मैदान में उतारने की घोषणा की थी। रायबरेली पिछले दो दशक से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है।

नामांकन पत्र दाखिल करते समय राहुल के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी वाड्रा तथा उनके पति राबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इस दौरान गांधी परिवार के साथ थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता भी थे। भाजपा ने बृहस्पतिवार को दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से अपना उम्मीदवार घोषित किया था। वह 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी से हार गए थे। इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रियंका गांधी कोई भी उपचुनाव लड़कर संसद में पहुंच सकती हैं, लेकिन वह इस समय पीएम के हर झूठ का जवाब सच से देकर उनकी अकेले ही बोलती बंद कर रही हैं।' रमेश ने कहा, 'राहुल गांधी राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं तथा सोच समझ कर दांव चलते हैं।'

**डरो मत, भागो मत : मोदी**

राहुल के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '3और अब दूसरी सीट पर भी उनके सारे चेले-चपाटे कह रहे थे अमेठी आएंगे, अमेठी आएंगे। लेकिन अमेठी से भी इतना डर गए कि वहां से भागकर अब रायबरेली में खोज रहे हैं रास्ता। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं दृ डरो मत! मैं भी इन्हें कहता हूं, अरे डरो मत! भागो मत!'

**अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा ने दाखिल किया नामांकन**

अमेठी, (एजेंसी) अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार और गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा अमेठी के साथ हैं और आगे भी रहेंगी। उन्होंने कहा कि वह छह मई को वापस आएंगी और अमेठी तथा रायबरेली में चुनाव प्रचार करेंगी और 40 साल तक अमेठी की सेवा करने वाले केएल शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाएंगी। इस बीच, केएल शर्मा ने कहा, 'मैं हमेशा गांधी परिवार का सेवक रहा हूं और एक सेवक को गांधी परिवार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं निभाऊंगा।' शर्मा ने कहा कि वह आज भी चाहते हैं कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़े लेकिन परिवार का जो आदेश हुआ, एक 'सेवक' के नाते उसे स्वीकार करना उनका धर्म है।

उल्लेखनीय है कि 25 वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जब गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा चुनाव में इस सीट से चुनाव मैदान में नहीं उतरेगा। वर्ष 1967 में निर्वाचन क्षेत्र बने अमेठी को गांधी परिवार का मजबूत किला माना जाता है और करीब 31 वर्षों तक गांधी परिवार के सदस्यों ने इस लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है। पिछले आम चुनाव में भाजपा नेता स्मृति ईरानी कांग्रेस के इस किले को भेदने में सफल रहीं और उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी थी।

**कांग्रेस ने पहले ही हार स्वीकार कर ली है रू स्मृति ईरानी**

कांग्रेस उम्मीदवार के नाम के ऐलान के बाद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, 'गांधी परिवार का अमेठी में चुनावी मैदान में नहीं होना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस ने सीट पर मतदान से पहले ही अपनी हार मान ली है।' भाजपा नेता ने कहा, 'अगर उन्हें लगता कि इस सीट पर जीत की कोई उम्मीद है तो वे यहां से चुनाव लड़ते, न कि अपना प्रतिनिधि उतारते। अमेठी में एक नया इतिहास रचा जाएगा।'

# भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रितेश पांडे ने दो सेट में किया नामांकन





### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे मौजूद समर्थकों का उमड़ा जन सैलाब

**शबीह अब्बास/ युरेशिया**

अम्बेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे की शुक्रवार को आयोजित की गई नामांकन जनसभा में जन सैलाब उमड़ा। इस दौरान उनकी सभा में मौजूद समर्थकों व पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में भरपूर जोश और उत्साह देखने को मिला। सभा के समापन के बाद तेज धूप और गर्मी के बाद भी लोगों का हुजूम सड़क पर निकला गोसाईगंज जलालपुर अकबरपुर टांडा कटेहरी से लोग जनसभा स्थल तक पहुंचे। रितेश पांडे ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में दो सेट में जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पर पत्र सोपा। लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के नामांकन व जनसभा कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य किसी कारणवश ना आ सके जिनके स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शामिल हुए। समर्थकों ने जगह-जगह इनका स्वागत किया कार्यक्रम को देखते हुए जगह-जगह सुरक्षाकर्मी तैनात थे। नामांकन सभा को भाजपा जिला अध्यक्ष त्रबयक तिवारी, जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फसाधु वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, रमाशंकर सिंह, विधायक राज बाबू उपाध्याय, विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फखब्बू तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह आदि ने संबोधित किया।

# सैयद आबिद हुसैन बजरंगी भाई जान पी क्लब ग्लोबल इंडियन अवार्ड 2024 से हुए सम्मानित

**आलम जैदी/ युरेशिया**



अम्बेडकरनगर। मुंबई,पी क्लब एजुकेशन प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित,पी क्लब ग्लोबल इंडियन अवार्ड 2024 का भव्य आयोजन 25 अप्रैल 2024 की शाम मुम्बई के मीरा रोड के लता मंगेशकर सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की भूमिका में ब्रिगेडियर गौतम गांगुली,जी शाहिदा पी गांगुली, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस कैप्टन डॉ.एडी मानेक फिल्म एक्टर टीनू वर्मा, प्राइड ऑफ महाराष्ट्र,विंध्य गौरव अवॉर्ड के डॉयरेक्टर विष्णु मिश्रा, सैयद आबिद हुसैन को उनके बेहतर उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य हेतु सम्मान किया गया आबिद हुसैन ने कई वर्षो से सोशल एवं सामाजिक कार्य के लिए कई अवार्ड से सराहा गया।सैयद आबिद हुसैन ने बताया के उनके लिए यह एक बड़ा अचीवर्स है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की भूमिका में ब्रिगेडियर गौतम गांगुली, शाहिदा पी गांगुली, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस कैप्टन डॉ.एडी मानेक, फिल्म एक्टर टीनू वर्मा, प्राइड ऑफ महाराष्ट्र,विंध्य गौरव अवॉर्ड के डॉयरेक्टर विष्णु मिश्रा ने सैयद आबिद हुसैन को उनके बेहतर उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य हेतु सम्मान किया। आबिद हुसैन ने कई वर्षो से सोशल एवं सामाजिक कार्य के लिए कई अवार्ड से सराहा गया। इस आयोजन में भी आबिद को सराहा गया । आबिद हुसैन विदेश में फसे बेगुनाह प्रवासी भारतीयों की मदद एवं वतन वापसी का काम करते हैं, उनके इन प्रयासों से अब तक 750 से अधिक लोगो की मदद हुई है। आबिद हुसैन द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजक सैलेश तिवारी और विष्णु मिश्रा का आभार व्यक्त किया गया। और उन्होंने कहा इतना विशाल और सफल आयोजन करने हेतु उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं।

# बीजेपी से ना आस करो , बहन बेटी अपनी सुरक्षा आप करो:अंकुश चौधरी

### बोले आप जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह बताये कि वो बृजभूषण और उसके बेटे के साथ खड़े हैं या पहलवान बहन बेटियों के साथ

**युरेशिया संवाददाता**



मेरठ। आम आदमी पार्टी के मेरठ जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने शुक्रवार को अपना एक बयान जारी करते हुए कहा कि बीजेपी अपने आपको दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दंभ भरती है। लेकिन टिकट बृजभूषण के बेटे को ही दिया, वह भी जब प्रजव्वल रेवन्ना के मामले पर बीजेपी घिरी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि मेडल जीतने वाली बेटियाँ सड़कों पर घसीटी गई और उनका यौन शोषण करने वाले के बेटे को बीजेपी ने टिकट देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने आगे कहा अब राष ?ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह बताये कि वो बृजभूषण और उसके बेटे के साथ खड़े हैं या पहलवान बहन बेटियों के साथ ? अगर थोड़ी सी नैतिकता बची है तत्काल इस गठबंधन में लात मार के अपने पद से इस्तीफा देकर बहन बेटी का साथ दें।

# जिलाधिकारी ने किया मतगणना केन्द्र में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण







**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गौरव हत्याकांड: दबंगों की धमकी से परेशान होकर दलित समाज के लोगों ने गांव से किया पलायन

### भाजपा नेताओं से संबंध बताकर पीड़ित परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप कुनबे के 40 सदस्यों ने गांव से किया पलायन

### एसएसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई इंसाफ की गुहार पीड़ित परिवार ने करी पुलिस सुरक्षा की मांग



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। थाना सरूरपुर क्षेत्र में हुए गौरव हत्याकांड के बाद दबंगों की धमकी से परेशान आकर दलित समाज के लोगों ने गांव से पलायन कर दिया। जिसके बाद शुक्रवार को उन्होंने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाते हुए इंसाफकी गुहार लगाई और पुलिस सुरक्षा की मांग की है। बता दें कि

डाहर गांव का रहने वाला सौरभ अपने परिवार के साथ शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। सौरभ ने बताया कि बीती 18 फरवरी को उसके भाई गौरव की बहसूमा थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस उसके गांव की रहने वाली कश्यप समाज की ललिता और उसके प्रेमी मोहकम व मोहकम के दोस्त भानु को जेल भेज चुकी है। सौरभ ने आरोप लगाया कि आरोपियों के परिजन गांव से गुजरते हुए आए-दिन उन्हें भुगत लेने की धमकी देते है। भाजपा नेताओं से संबंध बताकर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। कुछ दिन पहले पुलिस के सामने ही आरोपियों ने उन्हें धमकी दी। जिससे तंग आकर बृहस्पतिवार को उनके कुनबे के 40 सदस्यों ने गांव से पलायन कर दिया।






## एक नजर..

## यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म ,अभिमन्यु गुप्ता



युरेशिया संवाददाता

बागपत। अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी आर्य समाज के संरक्षक अभिमन्यु गुप्ता ने अपने आवास पर धर्मपत्नी संतोष गुप्ता एवं पूज्य माताजी श्रीमती रुक्मिणी देवी के सानिध्य में यज्ञ किया इस अवसर पर आपने कहा कि यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है, क्योंकि यज्ञ में जो भी समिधा एवं घृत आहुति के रूप में डालते हैं। वह हजारों गुना बढ़कर वायुमंडल को प्रदूषण से मुक्त करता है, प्राण वायु की गुणवत्ता को लाखों गुना बढ़ा देता है ।यज्ञ से पेड़ पौधे पल्लवित होते हैं,यज्ञ प्राणी मात्र के लिए लाभकारी है, यज्ञ परोपकार की भावना प्रज्वलित करता है ।अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस के ऊपर पूज्य माता रूकमणि देवी ने राष्ट्र की उन्नति की कामना की सभी को उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु का आशीर्वाद दिया।

## सेंट एंजेल्स में खेले गए टेबल- टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल मैच



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित टेबल- टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए।

बालिका वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच में ग्रीन हाउस की आयुषी ने रेड हाउस की आस्था को 11-03 व 11-05 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में रेड हाउस की क्षमा ने येलो हाउस की अतिथि को 11-07 व 11-08 हराकर से फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद खेले गए फाइनल मैच में ग्रीन हाउस की आयूषी ने रेड हाउस की क्षमा को 11-09, 08-11व 11-05 से हराकर प्रतियोगिता का फाइनल जीता। बालक वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच में रेड हाउस के आदित्य ने ग्रीन हाउस के सुधांशु को 11-09,11-13 व 11-04 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में रेड हाउस के अर्पित ने येलो हाउस के यश को 13-11 व 11-09 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद खेले गए फाइनल मैच में रेड हाउस के अर्पित ने रेड हाउस के ही आदित्य को 11-05, 7-11 व 14-12 से हराकर प्रतियोगिता का फाइनल जीता। टेबल -टेनिस प्रतियोगिता के इस अवसर पर पीटीआई राजीव ,अजीत ,विशाल, बबलेश,गौरव, हनुराज, दीपक, इमरान, निधि, सुमन, आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## मां-बाप की सेवा भगवान के दर्शन करने के बराबरः ज्ञेय सागर महाराज



### शामली नगरी में तीन जैन संतों का मंगल प्रवेश, हुआ भव्य स्वागत
### जैन धर्मशाला में मंगल प्रवचनों में उमडी जैन श्रद्धालुओं की भीड

युरेशिया संवाददाता

शामली। जैन संत श्री ज्ञेय सागर जी महाराज, ज्ञात सागर जी महाराज व नियोग सागर जी महाराज का शुक्रवार को शामली में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने तीनों संतों का भव्य स्वागत किया। इसके बाद तीनों जैन संत व श्रद्धालु जैन धर्मशाला पहुंचे जहां जैन संतों ने प्रवचन किए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह बंतीखेडा स्थित संस्कृति स्कूल से पैदल विहार करते हुए तीन जैन संत श्री ज्ञेय सागर जी महाराज, ज्ञात सागर जी महाराज व नियोग सागर जी महाराज का शामली में मंगल प्रवेश हुआ जिनका जैन समाज के लोगों ने आरती कर व बैंड बाजों के साथ भव्य स्वागत किया। सबसे पहले जैन संतों ने श्री दिगम्बर जैन महावीर जिनालय पहुंचकर दर्शन किए। इसके बाद वे जैन धर्मशाला में पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन संत ज्ञेय सागर महाराज ने कि मां-बाप की सेवा सबसे बडी सेवा है, मां-बाप की सेवा भगवान के दर्शन करने के बराबर है लेकिन आजकल के युवा मां-बाप की सेवा करने की बजाय उन्हें घर से निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने वाहन चलाते समय अपने शरीर की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगते हैं इस प्रकार हमें अपने जीवन की सुरक्षा करने के लिए अपने मां-बाप की सेवा करनी चाहिए और मंदिर में जाकर भगवान की पूजा करनी चाहिए मां-बाप की सेवा भी भगवान की पूजा के बराबर है। धर्म के मार्ग पर चलकर हम अपने पापों का नाश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म से बढ़कर इस संसार में और कुछ भी नहीं है। कोरोना काल हमें बहुत सारी शिक्षा दे गया अगर हम कोरोना काल द्वारा दी गई शिक्षा के मार्ग पर चले तो हम आने वाली बहुत सारी बीमारियों व शरीर में होने वाले कासन पर विजय पा सकते हैं। कोरोना काल ने हमें बताया गया कि हमें हाथ धोकर भोजन करना चाहिए, वरना अनेकों प्रकार के जीव भोजन करते वक्त हमारे शरीर में हमारे ही हाथों द्वारा प्रवेश कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि गर्म पानी पीने से शरीर में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश होता है। इस अवसर पर आलोक जैन, मोहित जैन, अजय जैन, अतुल जैन, पंकज जैन, राजीव जैन, आधार जैन, अरुण जैन, उषा जैन, सीमा जैन, सविता जैन, सुदेश जैन सहित बडी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे भी मौजूद रहे।

## नकाबपोश चोरों का आतंक आए दिन दे रहे चोरी की घटनाओं को अंजाम नेशनल हाईवे किनारे स्थित ग्राम जलालपुर में रात के समय दो नकाबपोस चोरों ने दो सगे भाइयों सहित विधवा महिला के घर में चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गए

शक्ति चौधरी / युरेशिया



थाना सरसावा की शाहजहांपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी प्रदीप पुत्र सहसपाल ने बताया कि बुधवार रात अपने घर में सो रहे थे जैसे ही बृहस्पतिवार सुबह उठे तो मेरे भाई ललित के कमरे में रखी अलमारी एवं ड्रेसिंग से समान उथल-पुथल पड़ा हुआ मिला तभी वह बरामदे में रखी पेंट की जेब में रखें करीब 16800 भी गायब मिले घर के बाहर सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रात का ए का देखने लगे तो करीब 12रू15 बजे के करीब मुंह पर कपड़ा बांधे दो अज्ञात चोर घर की दीवार फांदकर अंदर आते दिखाई दिए वह करीब 1रू00 घंटे तक घर में चोरी की घटना को अंजाम देते रहे इसके बाद वह है घर के मुख्य दरवाजे को खोलकर फरार हो गए। इसके अलावा पड़ोस में रहने वाली विधवा महिला सोमती एक दिन पहले अपने घर का ताला लगा सत्संग में गई हुई थी वह भी बृहस्पतिवार को अपने घर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई घर के दरवाजे टूटे हुए मिले एवं कमरे में रखी पेटी से कपड़े फर्श पर बिखरे पड़े थे । एवं घर के मंदिर में रखे करीब 1000 रुपए सहित चोर 1300 रुपए चोरी कर ले गए। 2 दिन पहले भी इसी गांव में चोरों ने एक बैटरी , एवं मोबाइल चोरी कर फरार हो गए थे। पीड़ितों ने शाहजहापुर पुलिस चौकी पर चोरी की घटना के बाबत जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ितों को घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

इसके अलावा पुलिस की ढीली कार्य प्रणाली के चलते क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार जारी है। पिछले कुछ महीनो में चोर किसानों के खेतों पर लगे नलकूपों एवं घरों में बेखौफहोकर चोरी की घटनाओं को तो अंजाम दे रहे हैं। साथ ही धार्मिक स्थलों को भी अपना निशाना बना रहे हैं बीते कुछ हफ्तों पहले अपलाना रोड स्थित ग्राम झरौली के समीप काली माता के मंदिर के ताले तोड़ वहां पर रखा सामान लेकर फरार हो गए थे जिसका अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए एक और जहां लोगों में भय का माहोल व्याप्त है। वहीं पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली के खिलाफरोष उत्पन्न है।

## विद्युत संविदा कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न मिलने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया

शक्ति चौधरी/युरेशिया




नगर में चिलकाना रोड स्थित सरसावा बिजली घर पर विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के कर्मचारी ने दो माह से वेतन न मिलने पर व अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन दिया कर्मचारियों का कहना है कि विद्युत वितरण मंडल प्रथम द्वितीय सहारनपुर के क्षेत्र में कार्य रत मीटर रीडर का टेरा सॉफ्टवेयर लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा पिछले दो महीने से भुगतान नहीं हो पाया है और ई पी एफ की जानकारी वह ई एस आई सी के कार्ड एवं ई एस आई सी कार्ड उपलब्ध नहीं कराए गए और विद्युत संविदा कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर उन्हें आर्थिक समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है और विद्युत संविदा कर्मचारियों ने बिजली विभाग अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम द्वितीय सहारनपुर को भी ज्ञापन सोपा है और मांग की उक्त संबंध में अपने स्तर पर उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें जिससे संविदा कर्मीको का वेतन भुगतान टाइम पर हो जाए एवं अन्य समस्याओं का निपटारा हो सके इस दौरान अर्जुन सिंह ,दीपक कुमार, प्रशांत शर्मा ,संदीप कुमार ,नीरज कुमार, परवेज ,दिनेश ,मोहित कुमार, जोगिंदर ,सतेंद्र व सभी विद्युत संविदा कर्मचारी धरना प्रदर्शन पर मौजूद रहे !

## भावकिवयूव क्रांति के प्रदेश प्रभारी राजवीर सिंह के पिताजी की शोक सभा संपन्न हुई

सुनील सैनी/युरेशिया



छुटमलपुर। क्षेत्र के ग्राम जीवाला में भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश प्रभारी चौधरी राजवीर सिंह जी के पिताजी की शोक सभा संपन्न हुई। शोक सभा में दूर-दूर से अनेकों लोग पहुंचे जिसमें भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सिंह सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, भारतीय किसान यूनियन क्रांति महिला अध्यक्ष ऋतु सैनी, तहसील अध्यक्ष रविंद्र सैनी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुल्कीराज सैनी, पूर्व राज्य मंत्री श्यामवीर सिंह उत्तराखंड, और क्षेत्र के अन्य को सम्मानित व्यक्ति लोकसभा में शामिल रहे जिन्होंने मृतक के चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तथा भगवान से प्रार्थना की दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए कुछ देर का मौन रखा गया ।इस अवसर पर लोगों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

## फाइनेंस कंपनी के मैनेजर पर किया हमला

### दो बाइकों पर सवार लोगों ने की वारदात, गंभीर घायल
### घायल की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

युरेशिया संवाददाता



झिंझाना। मेरठ-करनाल हाईवे पर बजाज फाइनेंस कंपनी के मैनेजर पर दो बाइकों पर सवार पांच लोगों ने हमला बोलकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल मैनेजर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गुरुवार की देर शाम को बजाज फाईनेंस कम्पनी के मैनेजर रजत सिंघल पुत्र रमेश सिंघल निवासी हिसार हरियाणा हाल निवासी टंकी कालोनी शामली अपने साथी विनायक के साथ बाइक द्वारा झिंझाना से शामली जा रहे थे। जब वह मेरठ करनाल हाईवे पर आयुष्मान अस्पताल के पास पहुंचे तो पीछे से दो बाइकों पर सवार होकर आये पांच लोगों ने लोन कराने के नाम पर बाइक रोक ली, जैसे ही रजत और विनायक बाइक से उतरे तो बाइक सवार पांच लोगों ने रजत पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विनायक द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की और दौडे तो हमलावर वहां से फरार हो गए। विनायक ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल रजत को अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बैंकट हॉल का अवैध अतिक्रमण हटवाने पहुंची नगर पंचायत की टीम

### शाम तक अतिक्रमण खुद हटाने का बैंकट हॉल मालिक ने मांगा समय
### नाले में प्लास्टिक का कचरा डालने पर भी नोटिस की चेतावनी

युरेशिया संवाददाता



थानाभवन। वंदना गार्डन मलिक के द्वारा सरकारी सड़क पर फैंसी लोहे का गेट लगाने एवं लोहे के खम्बे गाड़कर अवैध अतिक्रमण के मामले में नगर पंचायत की टीम अतिक्रमण हटवाने पहुंची। कर्मचारियों ने गेट उखाड़ना शुरू किया तो बैंकट हॉल मालिक ने शाम तक की मोहलत मांगी नगर पंचायत ने अतिक्रमण नहीं हटाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नाले में प्लास्टिक का कचरा डालने पर नोटिस देने की भी बात कही।

थानाभवन में स्थित वंदना गार्डन के बराबर से गुजर रही सरकारी सड़क पर गार्डन मालिक द्वारा फैंसी गेट लगाकर एवं लोहे के खंबे गाड़कर मार्ग अवरुद्ध करने व अतिक्रमण करने के मामले में खबर प्रकाशित होने पर नगर पंचायत की टीम अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुंच गई। कर्मचारियों ने जैसे ही सड़क पर लगाए गए लोहे के खम्बो को हटाना शुरू किया तभी मौके पर पहुंचे गार्डन मालिक ने सड़क पर लगाए गए गेट एवं स्थाई रूप से सड़क में लगाए गए लोहे के खम्बो को शुक्रवार शाम तक खुद हटाने का समय मांगा। इसके बाद नगर पंचायत ने शाम तक की मोहलत दे दी। वहीं नाले में डाले जा रहे प्लास्टिक के कचरे पर भी नगर पंचायत की टीम ने गार्डन मालिक को चेतावनी दी और कहा की नगर पंचायत की ओर से नोटिस दिया गया है। भविष्य में अगर प्लास्टिक के कचरे को नाले में डाला गया तो कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मौके पर कुछ देर तक नगर पंचायत कर्मचारी एवं गार्डन मालिक के बीच में नोक झोंक हुई। इस संबंध में ईओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध अतिक्रमण की जानकारी मिली थी नगर पंचायत की टीम को मौके पर भेजा गया था। गार्डन मालिक ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए एक दिन का समय मांगा है। नहीं हटाने पर नगर पंचायत खुद कार्रवाई करेगी। वहीं अवैध पार्किंग एवं नाले के कचरे को लेकर भी नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




सुनील सैनी /युरेशिया

छुटमलपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं अपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वंचित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकार फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षक मे तथा थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त गुण सरफराज पुत्र शमशाद निवासी अलावलपुर रोड कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर को उसके घर लावलपुर रोड कस्बा छुटमलपुर के बाहर से गिरफ्तार किया अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है गिरफ्तारी करने वालों में उप निरीक्षक श्री सौरभ यादव थाना फतेहपुर और पीसी रमेश राणा थाना फतेहपुर रहे

## सुधीर बने देवस्थली गुरुकुल के प्रधानाचार्य

युरेशिया संवाददाता



गढीपुख्ता। गांव हथछोया में स्थित देवस्थली गुरुकुल के स्कूल प्रबंधक पिंकी पंवार ने जानकारी देते बुऐ बताया है कि स्कूल में नये प्रधानाचार्य के रूप में सुधीर को नियुक्ति मिली है। विदिति हो कि वित्तीय अनियमितताओं के चलते देवस्थली गुरुकुल के पूर्व प्रधानाचार्य को पद छोड़ना पड़ा था। उसके बाद गुरुकुल प्रबंध समिति ने नये प्रधानाचार्य की खोज तेज कर दी थी। अंततः कई योग्य उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने के बाद देवस्थली प्रबंध समिति ने सुधीर को देवस्थली गुरुकुल का प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया है।

सुधीर गणित विषय में एमएससी एवं बीएड डिग्री धारक हैं। उन्हें 14 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव है इसमें 8 वर्ष उन्होंने एस.डी.पी. स्कूल राझड़ (शामली) में अपनी सेवा दी है। प्रबंध समितिने विश्वास जताया है कि सुधीर संस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगे।

## दुकान में फंदे पर लटका मिला युवक का शव रात में दुकान पर ही रुका था युवक, सीख रहा था काम

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया



युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। मेरठ-करनाल हाइवे पर गाडीवाला चौराहे पर एक खराद की दुकान में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि युवक खराद का काम सीख रहा था और रात में दुकान पर ही रुक गया था। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मेरठ-करनाल हाईवे स्थित गाडीवाला वृद्धा आश्रम के समीप जयपाल खराद मिस्त्री की दुकान में एक युवक का फांसी पर लटका शव मिलने से सनसनी फैल गयी। दुकान मालिक जयपाल ने मामले की घटना तुरंत झिंझाना पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को फंदे से नीचे उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। मिस्त्री जयपाल ने बताया कि युवक का नाम रवि पुत्र संतरपाल निवासी गांव मोर माजरा थानाभवन है जो उसके पास काम सीखता था। रवि गांव मंगलपुर निवासी अपने मामा जोगेन्द्र के पास रहता था। करीब एक माह बाद रवि दुकान पर आया था लेकिन शाम को अपने मामा के घर नहीं गया बल्कि दुकान में ही सो गया। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि रवि फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी मामले की जानकारी दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच शुरू कर दी गयी है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चार माह पूर्व भी किया था जान देने का प्रयास

झिंझाना। बताया जाता है कि रवि करीब पांच सालों से अपने मामा जोगेन्द्र के पास रहकर मिस्त्री जयपाल के यहां खराद का काम सीख रहा था। रवि करीब एक माह से अपने मामा के यहां गेहूं की कटाई करवा रहा था और गुरुवार को ही खराद की दुकान पर पहुंचा था। यह भी बताया गया है कि रवि ने लगभग चार माह पूर्व भी अपने हाथ की नस काटने का प्रयास किया था हालांकि उस समय उसकी जान बच गयी थी, पुलिस इस मामले को लेकर भी जांच कर रही है। वहीं रवि की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जब-जब धरती पर अत्याचार बढता है, भगवान जन्म लेते हैं

### भक्त के कष्ट पर दौडे चलते आते हैं भगवानः शिव कुमार महाराज






युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के धीमानपुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीरामकथा में कथावाचक शिवकुमार महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार व अधर्म बढता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर दुष्टों का संहार करते हैं। जानकारी के अनुसार श्री राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीराम कथा की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक शिव कुमार महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम है जो अपने पिता की आज्ञा से 14 साल के लिए वनवास चले गए। हम सभी को श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर मां पार्वती से कहते हैं कि देवी जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार एवं अधर्म बढता है, चारों तरफअनीति फैल जाती है, तब-तब प्रभु संतों, ब्राहमणों व अपने किसी भक्त के प्रेम में बंधकर इस धरती पर किसी न किसी रूप में जन्म लेकर दुष्टों का संहार करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान हमेशा भक्त के अधीन हुआ करते हैं और वे अपने भक्त के कष्ट पर दौडे-दौडे चले आते हैं। प्रभु को ऐसा ही रूप लेकर आना पडता है जो उनके भक्त चाहते हैं। भक्त भगवान को अपने प्रेम की जंजीर में बांध लेते हैं जिसके कारण प्रभु को निराकार से साकार होना पडता है। इस मौके पर इस अवसर पर राजेश जांगिड़,विनीत, कमलकांत धीमान, साजन, सुंदर धीमान, राजीव गोयल,नीरज मित्तल, वासु धीमान, सेठपाल पांचाल, रामकुमार, अनुराधा मित्तल, कुसुम, मंजू, रचना, रीना, रीता आदि भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भरी सरकारी झोली
## कर-सुधार से जीएसटी दो लाख करोड़ पार


संजय त्यागी 'महादेव'

यह सुखद ही है कि देश कर संग्रहण सिस्टम में सुधार की दिशा में सार्थक पहल से एक कदम आगे बढ़ा है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस-पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई। इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है। निश्चय ही चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।

निश्चित रूप से आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन-किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही। दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 फीसदी की वृद्धि हुई। इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई। यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है। आर्थिक विशेषज्ञ जीएसटी वृद्धि के मूल में उपभोक्ता उत्पादों की ज्यादा खपत का योगदान बता रहे हैं। गर्मी बढ़ने की चिंता में उपभोक्ता बड़े पैमाने पर एसी व फ्रिज आदि खरीदते हैं। बच्चों के शैक्षिक सत्र समापन के चलते बच्चों की छुट्टियों में पर्यटन बढ़ने को भी एक वजह माना जा रहा है। निस्संदेह, लंबी यात्राओं के चलते आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती है। वहीं आम चुनावों के चलते चुनाव प्रक्रिया में जुड़े व्यवसायों की आय में हुई वृद्धि की भी इसमें भूमिका हो सकती है। वहीं दूसरी ओर हमें मानना होगा कि वित्तीय नियामक एजेंसियों की सक्रियता तथा जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता देने से भी जीएसटी संग्रह में वृद्धि का रुझान देखा जा सकता है। इसमें जहां रिटर्न भरने के लिये सख्ती, फर्जी चालान पर अंकुश, पंजीकरण की अनिवार्यता को लेकर सख्ती से भी वस्तु-सेवा कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। विश्वास जताया जा रहा है कि जीएसटी राजस्व में वृद्धि से उत्साहित नई सरकार कर उगाही व्यवस्था में बदलाव के लिये नई पहल कर सकती है। सरकार दावा कर सकती है कि 'एक देश, एक कर' की सोच सार्थक परिणाम लेकर सामने आ रही है। जो इस क्षेत्र में नये सुधारों का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

# चुनाव जिता दे जो, वो हुनर कहां से लाऊं
## तिरछी नजर

**सहीराम**

चुनाव जीतने के लिए भी जी, तरह-तरह के हुनर चाहिए। एक नेतागिरी के हुनर से काम नहीं चलता। वैसे नेतागिरी का हुनर क्या है? यह भी अपने आपमें एक बड़ा सवाल है। नेतागिरी का हुनर कई तरह के हुनरों का समूह होता है। हुनरों का एक गुच्छ होता है। गुलदस्ता होता है। जैसे एक हुनर होता है जिसे गिरगिटी हुनर कह सकते हैं अर्थात ? मौका मुकाम के मुताबिक रंग बदलने का हुनर। रंग बदलने का अर्थ यहां पार्टी बदलना ही होता है। काले से गोरा होना नहीं होता। उसके लिए तो दस-पांच रुपये की क्रीम ही काफी है। एक हुनर होता है अभिनय का हुनर। कई नेता इस हुनर में इतने पारंगत होते हैं कि दिग्गज अभिनेता भी उनके सामने पानी भरें। वो बिल्कुल वो वाले होते हैं- तेरे लिए मैं रो सकता हूं, गा सकता हूं, पीड़ित होने का ऐसा ड्रामा कर सकता हूं कि ट्रैजिडी किंग भी मेरे सामने पानी भरे। इतना फनी हो सकता हूं कि कॉमेडियन भी फीका पड़ जाए। फिर एक हुनर झूठ बोलने का होता है। नेतागिरी के लिए आदमी को झूठ बोलने में पारंगत होना चाहिए। झूठ को झूठ मानते हुए यूं सच की तरह बोलना कि सुनने वाले को लगे कि भैया है तो एकदम ही झूठ, लेकिन देखो कितना सच जैसा है। ऐसा तो सच भी नहीं हो सकता, जितना यह झूठ सच है।

लेकिन नेतागिरी के लिए सिर्फनेतागिरी का हुनर ही काफी नहीं है। इसके लिए कई दूसरे हुनर भी आने चाहिए। एक पार्टी ने टिकट बंटवारे के लिए इसी तरह की हुनरमंदी की परीक्षा ली। इसके कुछ विजेताओं से आप भी परिचित हो लीजिए। यह हैं गुजरे जमाने की एक बेहद खूबसूरत फिल्मी हीरोइन। उन्हें चौलेंज दिया गया था कि आपको खेतों में जाकर गेहूं की पकी खड़ी फसल काटनी है। उन्होंने पार्टी हाईकमान को अपने हुनर का कायल ऐसे फोटो दिखाकर किया- यह देखिए सर मेरे हाथ में यह दरांती है। मुझे पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया था कि फसल इसी से कटती है। यह देखिए मैं इसी से फसल काट रही हूं। यहां मैंने गेहूं के पौधों को पकड़ रखा है और दरांती चला रही हूं देखिए। और यह देखिए यह कटा हुआ गेहूं मेरे हाथ में है और यहां मैं पूलियां बना रही हूं।

पार्टी हाईकमान ने उन्हें एकदम योग्य उम्मीदवार मानते हुए टिकट थमा दिया। इसी तरह से देश के एक बड़े करोड़पति सेठ को पल्लेदारी करने का टास्क दिया गया। पहले तो सेठजी हंसे कि यह क्या मजाक है, लेकिन फिर उन्होंने चौलेंज स्वीकार कर लिया। नयी-नयी पार्टी बदली थी और टिकट जरूर चाहिए था। सो अनाज मंडी में पहुंचे और अनाज का बोरा ऐसे उठा लिया, जैसे कोई जिम्मेदारी उठा रहे हों। हाईकमान खुश हुआ और उन्हें चुनाव का टिकट दे दिया।

# गंगा-जमुनी संस्कृति पर चोट करते तल्खी के बोल

**श्याम सरन**




भारत की अपार विविधता इसकी मजबूत हकीकत है। कोई राजनीतिक दल, भले ही कितना ताकतवर और किसी विचारधारा विशेष से चालित हो, वह इसको एकांगी रंग में रंगने में सफल नहीं हो पाएगा। हमारी संस्कृति साझापन लिए है, लेकिन जोर साझेदारी के पहलू पर है न कि पालना में। यह चौरास्तों की संस्कृति है, जिसने हजारों सालों के दौरान विविध प्रभावों के सुमेल से वजूद पाया है। जहां भौगोलिक रूप से यह भूभाग थलीय काफिला-मार्गों का चौराहा है, जो मध्य एशिया से होकर आगे भूमध्य सागर तक जाते थे। वहीं इसके सुदूर दक्षिणी छोर के बंदरगाह हिंद महासागर के पूरबी और पश्चिमी छोरों को जोड़ने का काम करते रहे। जिस प्रकार भारतीय धर्म और राजनीतिक विचार, भाषाएं, कला और वास्तुकला का प्रवाह इस उप-महाद्वीप से निकल दूसरे देशों में फैला, ठीक इसी तरह उन मुल्कों का प्रभाव भी समस्त भारतवर्ष पर बना। नाना देशों से आई विविध खूबियां भारतीय संस्कृति और इसके लोगों के स्वभाव में रच-बस गईं और जन्मजात महानगरीय संस्कृति विरासत में मिलती गई, यह विशेषता भारतीयों को विश्वभर में सबसे अधिक अनुकूलनशील बनाती है। देखा जाए, हम संसार के मूल वैश्विक नागरिक हैं।

जब भारत ने पिछले साल सितम्बर माह में जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया था तो इसका आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम ? था, जो हमारी इस खूबी को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता था। लेकिन किसी के लिए समस्त विश्व को गले लगाने की शुरुआत पहले अपने देश के लोगों को बांहों में भरने से होनी चाहिए। यह भी एक कारण है कि क्योंकर संविधान की पूर्व-प्रस्तावना में जितना अधिमान आजादी और समानता को दिया गया है उतना ही बंधुत्व को भी। भारत जैसे विविधता भरे मुल्क के लिए बंधुत्व की अहमियत खासतौर पर है। यह आपसी प्यार की भावना का निर्माण करता है जो विविध जातियों, प्रजातियों या सम्प्रदायों और उनकी जीवनशैली के बीच अंतर के प्रति एक-दूसरे को सहिष्णु बनाता है। यह बंधुत्व ही है जो हमारी राष्ट्रीयता की असल नींव है। यह साझा हित एवं साझा राष्ट्रीय मिशन का लक्ष्य पाने में संबद्धता एवं संलग्नता बनाता है।

संविधान का स्वरूप बनाने वालों को पता था कि भारतीय राष्ट्रवाद का निर्माण इसके लोगों की बहुरंगी पहचान को मान्यता देकर होगा है न कि दबाकर। तथापि, अंतिम विश्लेषण में, वे पूरी तरह आश्वस्त न थे कि क्या भारतीय लोग अपनी अलग पहचान का संतुलन समान नागरिकता के अति महत्वपूर्ण सिद्धांत से सही ढंग से बैठा पाएंगे या नहीं। अपने अंतिम (मौजूदा) रूप में आते-आते और समय-समय पर हुए संशोधनों और विधायिका द्वारा पारित कानून धीरे-धीरे राज्यसत्ता को नागरिक अधिकारों की एवज पर बलपूर्वक मनमर्जी चलाने की ताकत से लैस करते गए। राज्यसत्ता किन्हीं पहचान रखने वालों की निरंकुशता चलने देने और अन्यों के मामले में दमन करने वाला पक्षपाती रुख रखने लगी, वह जो मौके के मुताबिक राजनीतिक हित स्वार्थ साधने में सबसे उपयुक्त हो। किन्हीं विशेष पहचान वालों पर राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की आड़ में दमन तो वहीं दूसरों (अपने लोगों) को राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के नाम पर प्रोत्साहित करना और यहां तक कि वैधता देना। राज्यसत्ता ने मीडिया और सूचना चौनलों पर नियंत्रण और प्रभाव बना लिया ताकि कुछ सम्प्रदायों को खलनायक तो अपने वाले को श्रेष्ठ बनाकर पेश किया जा सके। ऐसा होने पर, राजनीतिक भड़काऊ भाषण वक्त की रणनीति का पूरक बन जाते हैं। इस प्रकार के नफरती बोल अक्सर ऊंचे उन्मादी सुर में चिल्ला-चिल्ला कर कहे जाते हैं ताकि अन्य सभी तार्किक मुद्दे डूब जाएं।

लोकतंत्र में, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना एक अभिन्न अंग है, लेकिन यही काफी नहीं। एक स्वतंत्र मीडिया और एक जीवंत सिविल सोसायटी आम नागरिक के अधिकारों पर राज्यसत्ता के निरंकुश व्यवहार से रोकने में प्रहरी का काम करते हैं। वे नागरिकों की ओर से राज्यसत्ता से सवाल करते हैं और लोगों को सूचना का वैकल्पिक साधन मुहैया करवाते हैं। एक सशक्त और स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका भी यही है। इतिहास में, ऐसे मामले हैं जब राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता की दलीलों का इस्तेमाल स्वतंत्र संस्थानों, विरोध का सुर उठाने वालों और अतंतः राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर राष्ट्रविरोधी होने का ठप्पा लगाकर, उन्हें गैर-कानूनी बनाने में किया गया।

भारत अपने 18वें आम चुनाव के मतदान चरणों से गुजर रहा है। यह गर्व की बात है कि विगत में देश हर पांच साल में अभूतपूर्व पैमाने के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न करवाता आया है और विजयी पक्ष को सत्ता का हस्तांतरण बिना हिंसा या चुनौती के निर्विघ्न होता रहा। एक स्वतंत्र चुनाव आयोग सुनिश्चित करता है कि तमाम राजनीतिक दल और राजनेता अपने चुनावी अभियानों में नियमों में बंधकर ही वोट मांगेंगे। उम्मीद की जाती है कि उम्मीदवार धर्म, जाति या समुदाय का इस्तेमाल वोटें पाने में नहीं करेंगे। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में कुछ राजनीतिक दल और नेताओं के जहरीले बोल तमाम हदें लांघ रहे हैं। भाषणों में सरेआम संप्रदाय विशेष के नागरिकों के विरुद्ध अत्यंत असभ्य और लांछित करने वाले हमले हो रहे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बार-बार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप उछाले जा रहे हैं। मतदाता को भ्रमित करने के लिए यह भ्रामक सूचना और सफेद झूठ की बनी धुंध बनाने जैसा है। कहने को वे वसुधैव कुटुम्बकम ? की बात करते हैं लेकिन फिर भी खुलेआम हमारे नाजुक सामाजिक ताने-बाने में खतरनाक दरारें पैदा कर रहे हैं। जैसा मैंने ऊपर भी लिखा और फिर से दोहरा रहा हूंकृ हिंदू-मुस्लिम रार डालकर स्थाई राष्ट्रीय एकता नहीं बनाई जा सकती।

भारतीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ आक्रामक और धमकी भरे भाषणों को महज चुनावी तेवर कहकर रफा-दफा करना आसान है, मान लेना कि चुनाव खत्म होने के बाद स्वयं भाप बनकर उड़कर जाएंगे, यह सच नहीं है। जो चोट और भय का माहौल पीछे छोड़ा जाएगा, वह चुनाव उपरांत लंबे समय तक सुलगता रहेगा। मुख से निकले बोल वापस नहीं आते। नुकसान हो चुका है। जैसा कि कविवर रहीम ने अपने मशहूर दोहे में कहा हैः रहिमन जिव्हा बावरी, कह गई सुरग पाताल3 आपु तो कहीं भीतर रहे, जूती खाए कपाल। (अर्थात ? मेरी बेलगाम जुबान ने धरती से पाताल तक जितना झूठ बोल डाला, खुद तो मुख में छिपी रही, जूते खाने पड़े खोपड़ी को)।

चुनावी बड़बोलापन सभ्य तरीके की हदों के भीतर बना रहे। राजनीतिक ताकत हासिल करने की कोशिशें नैतिकता की कीमत पर नहीं हो सकती, वर्ना यह हरकत देश और सामाजिक ताने-बाने को विघटन की खतरनाक राह पर धकेल देगी। यह सब अपने देश को लेकर गहन चिंता की भावना से लिखा जा रहा है, वह जिसकी अतुलनीय विविधताओं को अपने भीतर समाने और जीवंत लोकतंत्र की सततता बनाए रखने का सामर्थ्य पर हम नाज करते आए हैं और दुनिया ईर्ष्या। यह हमारा सबसे कीमती आभूषण है, जो सदियों में पाई विविध खूबियों के रत्नों से जड़ा है और अब सदा के लिए इसके खोने का खतरा मंडरा रहा है। यह वह खजाना है जो लुट-पिट गया तो कोई भावी विश्वगुरु दुबारा फिर इकट्ठा न कर पाएगा।

# शांति प्रयासों से खुलती विकास की राहें

**मधुरेन्द्र सिन्हा**



आजादी के दशकों बाद भी पूर्वोत्तर में उग्रवाद खत्म नहीं हुआ। कई हिंसक गुट खून-खराबे पर उतरते रहे और इस सुरम्य क्षेत्र की शांति को भंग करते रहे। सरकारें कोई ठोस कदम नहीं उठा पाईं और अशांति बनी रही। लेकिन इसके बाद केन्द्र सरकार की नीतियां बदलीं और कई सार्थक परिणाम देखने में आये। असम जैसे राज्य में, जहां घुसपैठियों के कारण हालत खराब रहे और लंबे समय से अशांति रही, वहां आशातीत सफलता मिली। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर जनवरी, 2020 को दिल्ली में दशकों पुरानी बोडो समस्या के समाधान के लिए त्रिपक्षीय समझौता किया गया। इसमें भारत सरकार, असम सरकार और बोडो आंदोलन से जुड़े उग्रवादी समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। यह समझौता इतना कारगर रहा कि लगभग 1500 सशस्त्र आंदोलनकारियों ने हथियार डाल दिये। यह एक अभूतपूर्व समझौता था। जिसके चलते असम शांत हो गया है और वहां प्रगति होती दिखाई दी।

दिसंबर, 2023 में असम में उल्फा उग्रवादियों के साथ भी केन्द्र सरकार ने एक निर्णायक समझौता किया। जिसने भविष्य में शांति की गहरी उम्मीद जताई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने इसमें व्यक्तिगत रुचि दिखाई और इस समझौते पर सरकार और उग्रवादी संगठन ने हस्ताक्षर किये। जिसके फलस्वरूप 700 से भी ज्यादा हथियारबंद युवाओं ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह समझौता इस मायने में ऐतिहासिक है कि उल्फा उग्रवाद से राज्य को बहुत नुकसान हुआ, हत्याओं का दौर चला और बंदूकें गरजती रहीं। दोनों ओर से लोग मारे जाते रहे। लेकिन अब इस समझौते ने शांति का द्वार खोला है और असम की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। केन्द्र सरकार वहां घुसपैठिया समस्या से निपटने के लिए कई तरह के कदम उठा रही है और उसमें काफी सफलता भी मिली है। इन सबसे राज्य में शांति आई है और राज्य सरकार के लिए कामकाज करना आसान हो गया है। पिछले साल मार्च में केन्द्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की थी कि अफस्पा को एक जिले से हटा दिया गया है और अब सशस्त्र बलों को उस इलाके में अब खुली छूट नहीं है। यानी कि वे भी किसी भी तरह की हिंसात्मक घटना के लिए जिम्मेदार होंगे। पहले उन पर मुकदमे वगैरह नहीं चलाए जा सकते थे।

असम में दो और समझौते हुए। एक था असम-मेघालय सीमा समझौता और दूसरा कार्बी-आंगलोंग समझौता। इन समझौतों ने राज्य में दीर्घकालीन शांति और समृद्धि के लिए एक मार्ग प्रशस्त किया है। असम के मध्य में स्थित, कार्बी आंगलोंग राज्य का सबसे बड़ा जिला है और नृजातीय तथा आदिवासी समूहों- कार्बी, डिमासा, बोडो, कुकी, हमार, तिवा, गारो, मान (ताई बोलने वाले), रेंगमा नागा संस्कृतियों का मिलन बिंदु है। इसकी विविधता ने विभिन्न संगठनों को भी जन्म और उग्रवाद को बढ़ावा दिया। जिसने इस क्षेत्र को विकसित नहीं होने दिया। कार्बी असम का एक प्रमुख जातीय समूह है, जो कई गुटों और इनके भागों से घिरा हुआ है। कार्बी आंगलोंग जिले के विद्रोही समूह जैसे पीपुल्स डेमोक्रेटिक काउंसिल ऑफ कार्बी लोंगरी (पीडीसीके), कार्बी लोंगरी एनसी हिल्स लिबरेशन फ्रंट (केएलएनएलएफ) वगैरह एक अलग राज्य बनाने की मांग कर रहे थे। यह एक महत्वपूर्ण समझौता है जो हिंसा को समाप्त करने में मदद करेगा। यहां पर स्थानीय जनता को कुछ विधायी अधिकार देने का भी प्रस्ताव है।


केन्द्र सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर से धीरे-धीरे सशस्त्र बल सुरक्षा कानून को हटाती जायेगी क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यहां की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। नगालैंड, जो कभी उग्रवाद का केन्द्र था, अब बेहद शांत हो गया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति में वहां काफी सुधार हुआ है। नागा युवा अब राष्ट्र की मुख्य धारा में प्रवेश करते जा रहे हैं।

पूर्वोत्तर के ज्यादातर बाशिंदे आदिवासी हैं और उनमें भी ज्यादातर लड़ाकू जातियों से हैं। वे दूसरों को अपने पर हावी होने देना नहीं चाहते और जरूरत पड़ने पर हिंसा करते हैं। नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, असम वगैरह राज्यों में ऐसा कई बार हुआ। यहां पर राज्य सरकार के अलावा केन्द्र सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उसे न केवल शांति बनाये रखना होता है बल्कि पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था भी करनी होती है। ब्रू-रियांग समझौता इस दिशा में एक ऐतिहासिक समझौता रहा, जो त्रिपुरा में मिजोरम से भागकर आये हुए अल्पसंख्यक ब्रू आदिवासियों के हित में किया गया। दरअसल मिजोरम में उनके विरुद्ध हिंसा के कारण लगभग 5,000 परिवार भागकर उत्तरी त्रिपुरा चले गये थे। वहां वे बस गये लेकिन कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गईं। इसके बाद वर्ष 2020 में केन्द्र सरकार, मिजोरम सरकार, ब्रू समुदाय के नेताओं और त्रिपुरा के बीच एक समझौता हुआ। जिसे ब्रू-रियांग समझौता कहा जाता है। इसे कार्यान्वित करने में केन्द्र सरकार की बड़ी भूमिका रही। केन्द्र ने इसके लिए 621 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो जायें। इस ऐतिहासिक समझौते से दो राज्यों में शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ। त्रिपुरा में ही एक और समझैता हुआ। वह था नेशनल लिब्रेशन फ्रंट का। इस उग्रवादी संगठन से बातचीत करके केन्द्र सरकार और त्रिपुरा सरकार ने समझौते की शर्तों का प्रारूप तैयार किया। इससे त्रिपुरा में उग्रवाद पर अंकुश लगा। केन्द्र ने बहुत ही लचीलेपन से इस समझौते को अंजाम दिया। जिसके सार्थक परिणाम देखने में आए।

पहले की सरकारों ने समस्याओं के राजनीतिक समाधान कम और सैन्य समाधान पर ज्यादा जोर दिया। पिछले कई सालों से स्थितियां बदलती जा रही हैं। केन्द्र सरकार के प्रयासों से काफी शांति हुई है और ये राज्य प्रगति के रास्ते पर तेजी से चलने में समर्थ हो रहे हैं।

# अटेंशन प्लीज! लोकसभा चुनाव 2024 के बाकी तीन चरणों के उम्मीदवारों,उम्मीदवारी खारिज हो सकती है

## चुनाव आयोग का नया निर्देश, उम्मीदवारों द्वारा नो ड्यू सर्टिफिकेट जमा नहीं करने पर, उम्मीदवारी अस्वीकार की संभावना


**एड किशन भवानी**

**कर विशेषज्ञ**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े और विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत में जारी सबसे बड़े चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरण हो चुके हैं तथा तीसरा चरण 7 मई 2024 को होगा व चौथ चरण के लिए दिनांक 13 मई 2024 को मतदान के लिए उम्मीदवारी फार्म जमा करने का अंतिम दिन आज 3 मई 2024 को हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1717 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।देशभर में 96 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।इस बीच चुनाव आयोग को संज्ञान में आया कि कुछ उम्मीदवारों द्वारा अपने सभी सरकारी बकाया चुकता करने के बावजूद उन्हें नो ड्यू सर्टिफिकेट नहीं मिल सका और उन्होंने अपने उम्मीदवारी फॉर्म के साथ यह सर्टिफिकेट नहीं जोड़ा था तो उम्मीदवारी फार्म जांच के दौरान उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया गया, वे उम्मीदवारी से बाहर हो गए इसका संज्ञान आते ही चुनाव आयोग द्वारा आज दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम बाकी बचे चार चरणों के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि उम्मीदवार को नो ड्यू सर्टिफिकेट के लिए आवेदन के 48 घंटे के भीतर उन्हें यह प्रमाणपत्र निर्गमित किया जाए और उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र के साथ यह सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जोड़ना है, वह भी नामांकन के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक, अन्यथा फॉर्म की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी फॉर्म खारिज यानी अस्वीकार किया जा सकता है, जो उम्मीदवार के लिए रेखा अंकित करने वाली बात है,क्योंकि यह बात दिखने में छोटी है परंतु इसके सिवा उम्मीदवारी खारिज हो सकती है, इसलिए जैसे ही चुनाव आयोग का यह निर्देश मीडिया में आया तो हर मीडिया चौनल व प्लेटफार्म पर इस मुद्दे को लपक लिया गया और शाम से ही हवा की भांति पूरे निर्वाचन क्षेत्र में यह बात फैल गई। इसलिए मैंने भी आज इस करंट मुद्दे को आज केआर्टिकल के रूप में लपक लिया और लोकसभा चुनाव 2024 के बाकी तीन चरणों के उम्मीदवारों से विनती कर रहा हूं कि उम्मीदवार अटेंशन प्लीज उम्मीदवारी खारिज हो सकती है चूंकि आज 3 मई 2024 को चुनाव आयोग ने नए निर्देश तीन चरणों वाले प्रदेशों के सचिवों को जारी कर दिया है कि उम्मीदवार से आवेदन मिलने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यू सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाए, इसलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यू सर्टिफिकेट संलग्न नहीं करने पर जांच के दौरान उम्मीदवारी अस्वीकार हो सकती है उम्मीदवार ध्यान दें।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 3 मई 2024 को देर शाम सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को जारी पत्र की करें तो, ईसीआइ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को एक निर्देश जारी किया है। चुनाव आयोग के अनुसार सभी राज्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को समय से नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी करें। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में ईसीआई ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 । के अनुसार आवश्यक फॉर्म 26 में एक शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने कहा कि कोई भी कॉलम न छूटे और फॉर्म पूरा हो, इसके अलावा चुनाव आयोग ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी आवास में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए किराया, बिजली बिल, पानी बिल और टेलीफोन बिल सहित सरकारी बकाया की भी जानकारी देने को कहा है। वहीं नो ड्यूज सर्टिफिकेट पर चुनाव अधिसूचित होने वाले महीने से तीसरे महीने की आखिरी तारीख या उसके बाद की कोई तारीख नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने बताया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि पर दोपहर 3 बजे तक शपथ पत्र के साथ नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट जमा किया जाना चाहिए। सभी बकाया चुकाने के बाद भी नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट हासिल न करने पर जांच के दौरान उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जा सकती है।चुनाव आयोग का निर्देश 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान हुए कुछ घटनाक्रम के बाद आया है,जहां उम्मीदवारों को सभी बकाया चुकाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों से नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। चुनाव आयोग ने चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया में व्यवधानों से बचने के लिए इन प्रमाणपत्रों को समय पर जारी करने के महत्व पर जोर दिया, वहीं जिन उम्मीदवारों की शिकायत इस संबंध में आ रही है, ऐसे में उनसे निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे समय पर उम्मीदवारों को नो ड्यूज सर्टिफिक्रेट मिले। ईसीआई ने सुचारू चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित विभागों अधिकारियों और एजेंसियों से इन निर्देशों का तत्काल पालन करने को कहा। चुनाव आयोग ने राज्य सरकारों को उम्मीदवारों को आवेदन करने के 48 घंटे के भीतर नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने कहा कि सभी प्रकार के बकाया का भुगतान करने के बावजूद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा नहीं करने का असर नामांकन की जांच के दौरान प्रत्याशी की उम्मीदवारी पर पड़ता है। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने यह भी बताया कि संसदअथवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के समय उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत हलफनामा भी जमा करना होता है और यह पूर्णतरू भरा होना चाहिए। आगामी 13 मई को चौथे चरण के लिए मतदान होना है।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 2 मई 2024 को राजनीतिक दलों को जारी एक एडवाइजरी की करें तो,लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने जारी अपनी एडवाइजरी में सख्त हिदायत दी है कि वो सर्वे के नाम पर मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाले स्कीम से जुड़ा रजिस्ट्रेशन कराना बंद करें। आयोग का मानना है कि ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इस तरह की गतिविधियों को गंभीरता से लिया गया है क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत एक भ्रष्ट आचरण है। पार्टियां और उम्मीदवार सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांग रहे हैं। इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए।आयोग ने कहा कि इसके जरिए मतदाताओं को रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रित किया जाता है जो एक तरह से प्रलोभन है। ऐसे मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और उससे दूर रहने के लिए एक सलाह जारी की।चुनाव आयोग की ओर से जारी एडवाइजरी में जिन गतिविधियों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया गया है उनमें ये गतिविधियां शामिल हैं-समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए वोटर्स को मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या टेलीफोन नंबर पर कॉल कर लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने के लिए कहना।गारंटी कार्डों के लिए पैम्फलेट द्वारा व्यक्तिगत लाभ चाहने वालों से उनका विवरण जैसे नाम, उम्र, पता,मोबाइल नंबर, बूथ संख्या, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या आदि मांगना।मतदाताओं की जानकारी जैसे नाम, राशन कार्ड नंबर, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, बैंक खाता नंबर, मांगने वाले फॉर्म का वितरण कराना।वेब प्लेटफॉर्म या वेबमोबाइल एप्लिकेशन का प्रचार या प्रसार का इस्तेमाल राजनीतिक दलोंध्उम्मीदवारों द्वारा करना और इसके जरिए मतदाताओं का विवरण जैसे नाम, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और नंबर आदि मांगा जाना।लोगों से उन्हें मिल रही

## एक नजर..

### ब्लड ग्रुप के नाम पर स्कूलों में अवैध उगाही

परवीन खानम/युरेशिया

अंबेहटा। अप्रैल माह से शैक्षिक सत्र शुरू होते ही स्कूलों ने सत्र प्रारंभ होने के नाम पर अलग-अलग सेवाओं के लिए शुल्क लेना शुरू कर दिया है। अभिभावक प्रियंका रोशनी रईसा रिजवान अबू बकर जाहिद रश्मि लक्ष्मी आदि ने बताया कि उनके बच्चे कक्षा एक,दो,तीन,में पढ़ते हैं स्कूल में बच्चों पर दबाव बनाया जा रहा है कि उनके सत्र 2024-2025 के लिए आई कार्ड बनेंगे।उसके लिए ब्लड ग्रुप का पता होना अति आवश्यक है। इसलिए सो सो रुपए लेकर ब्लड ग्रुप टेस्ट कराने के लिए कहा गया है। बच्चे स्कूल के में जाने से डर रहे हैं ताकि उनको इंजेक्शन ना लगाया जाए।वही अभिभावको का कहना है कि इतने छोटे बच्चों का ब्लड ग्रुप के लिए दबाव नहीं बनना चाहिए। प्रतिस्पर्धा व दिखावा करने के लिए स्कूल नए-नए शुल्क बच्चों पर लगाते रहते हैं जो की पूर्ण रूप से गलत है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

भवानी सैनी/ युरेशिया

बेहट (सहारनपुर) कोतवाली बेहट क्षेत्र में दिल्ली- यमुनोत्री हाइवे पर स्थित गांव बाबैल बुजुर्ग के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर कोतवाली बेहट पुलिस मौक पर पहुंचे और शव की शिनाख्त के प्रयास किया लेकिन अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पहचान हेतु मोर्चरी में रखवा दिया है। शुक्रवार की दोपहर दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर स्थित गांव बाबैल बुजुर्ग के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा कोतवाली बेहट पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके शिनाख्त के काफी प्रयास भी किये लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के शरीर पर चोट का निशान भी है। कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया का शव का पंचनामा भर उसे पहचान के लिए मोर्चरी मे रखवा दिया है।

### समाजसेवी अर्शी शफीक ने स्कूल के बच्चों को सामग्री वितरित की

परवीन खानम/युरेशिया



अंबेहटा। नगर के समाजसेवी अर्शी शफीक ने डिवाइन लाइट अकैडमी में पढ़ने वाले निर्धन एवं असहाय बच्चों को पुस्तक एवं सामग्री वितरित की। शुक्रवार को डिवाइन लाइट अकैडमी में समाज सेवी अर्शी शफीक ने जरूरतमंद बच्चों को टाई, बेल्ट, किताबें ,पेंसिल, रबर व अन्य सामग्री वितरित की।उन्होंने कहा कि जो बच्चा आगे पढ़ना चाहता है और किसी भी प्रकार से उसकी मदद की आवश्यकता है तो वह हर प्रकार से उसकी मदद करेंगे। इस दौरान अनवर शफीक, शादाब शफीक, दानिश शफीक,प्रधानाचार्य राजकिरण खन्ना,आदेश मैडम, शाहरुख अंसारी व प्रशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

### गन्दे पानी के बीच से शवयात्रा ले जाने को ग्रामीण मजबूर

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। रास्ते पर जमा निकासी के गन्दे पानी के बीच से शवयात्रा ले जाने को



ग्रामीण मजबूर हो गए हैं। कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी रास्ते का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोज है। क्षेत्र के गांव टाबार में खेड़ा मंदिर के पास से गुजरने वाले मुख्य रास्ते पर कई माह से गांव की निकासी का गंदा पानी जमा रहता है। यमुना नदी पर जाने वाले इस रास्ते पर ही गांव का अंत्येष्टि स्थल बना हुआ है। गुरुवार को गांव में एक महिला की मृत्यु हो गई। जिनकी शव यात्रा गंदे पानी के बीच से निकलने पर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को जमकर कोसा। ग्रामीण मोनू राणा, विक्रम सिंह, संदीप, अशोक, अजय, नितिन, सचिन आदि ने बताया कि टावर गांव नागपुर ब्लॉक का दूसरा सबसे बड़ा गांव है इसके बाद भी जनप्रतिनिधि गांव में केवल वोट मांगने के लिए आते हैं कहा कि बार-बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी किसी जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से अविलम्ब रास्ते के निर्माण व निकासी के पानी की समस्या का स्थाई समाधान किए जाने की मांग की है।

### रेस्टोरेंट में खाना खा रहे युवक की अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल उड़ाई

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़रू रेस्टोरेंट में खाना खा रहे युवक की अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव टाबर निवासी अरविन्द पुत्र भोपाल ने तहरीर देते हुए बताया कि दोपहर करीब 2 बजे वह अपने बेटे सूरज के साथ होलिवाला चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। उसने अपनी बाइक रेस्टोरेन्ट के बाहर खड़ी कर दी। खान खाकर बाहर जैसे ही वह बाहर निकला तो वहां से बाइक गायब देखकर उसके होश उड़ गए। अरविन्द ने बताया कि रेस्टोरेन्ट में लगे सीसीटीवी फुटेज में दो युवक नकुड़ से शाहजहांपुर की ओर बाइक को ले जाते नजर आ रहे हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर बाइक बरामदगी की मांग की है। कोतवाल धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि बाइक चोरी की तारीख मिली है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मणिकांत वत्स (सहारनपुर) | मो0: 9759178755 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| भवानी सिंह सैनी (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0: 8077518294 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |

# केल्विन क्रिकेट अकादमी में डे नाइट मैच का शुभारंभ कोतवाल धर्मेंद्र गौतम ने किया

युरेशिया संवाददाता



अंबेहटा। नगर के शेर मऊ रोड स्थित केल्विन क्रिकेट अकादमी में गर्ल्स डे नाइट मैच का शुभारंभ कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र गौतम ने फीता काटकर किया। गुरुवार देर रात केल्विन क्रिकेट अकैडमी में डे नाइट मैच सहारनपुर व मेरठ के बीच खेला गया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि केल्विन क्रिकेट अकादमी गर्ल्स क्रिकेट के लिए सबसे सुरक्षित वह अच्छी एकेडमी है,जहां पर सभी प्रकार की सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक मां-बाप को लड़का व लड़की में कोई फर्क नहीं समझना चाहिए जिस प्रकार लड़के को खेलने के लिए भेजते हैं लड़की को भी उसके पसंद के फील्ड में भेजना चाहिए।रणजी ट्रॉफी प्लेयर व बीसीसीआई द्वितीय कोच भावना तोमर ने बताया कि केल्विन क्रिकेट अकादमी के मैदान में जो सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है वह काबिले तारीफ है। मैनेजर रैंक की श्रुति अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का मैदान खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छा है। कोच सचिन सैनी ने बताया की केल्विन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर 10 दिन से गर्ल्स क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है, फाइनल मैच की सीरीज सहारनपुर की टीम ने अपने नाम की। इस दौरान डॉक्टर पुष्कर स सैनी ने बताया कि केल्विन क्रिकेट अकादमी में मुरादाबाद, शामली, बुलंदशहर, मेरठ, कानपुर, सहारनपुर आदि की टीमें खेल रही है, जिनकी व्यवस्था केल्विन क्रिकेट अकादमी की तरफसे की गई है।खिलाड़ियों को अच्छा वातावरण देना ही उनका उद्देश्य है।

# काम के आगे चले और लोगों को समस्या का समाधान दें: नगरायुक्त

### शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों में निगम कच्चे नाले बनवायेगा

भवानी सैनी/ युरेशिया



सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर के जल भराव वाले निचले इलाकों में जल निकासी के लिए स्वास्थय व जलकल विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है उन क्षेत्रों में फिलहाल कच्चे नाले बनाये जायें और सभी जोनल पम्पिंग स्टेशनों को पूरी तरह दुरुस्त कराकर उन्हें चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें काम के आगे चलना है और मानवीय दृष्टिकोण के साथ लोगों को समस्या का समाधान देना है।

नगरायुक्त संजय चौहान जलकल व स्वास्थय विभाग के अधिकारियों के साथ नालों की साफसफाई और शहर में जलभराव समस्या के लिए की गयी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समस्या पैदा होने से पहले ही उसके समाधान के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि हम ये दावा तो नहीं कर सकते कि जलभराव नहीं होगा लेकिन यह कोशिश अवश्य कर सकते है कि जितना जल भराव गत वर्ष हुआ था, उतना इस वर्ष न होने दें। उन्होंने शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की साफ सफाई की जानकारी लेते हुए भूमिगत नालों की सफाई प्रोफेशनल लोगों से सुरक्षा उपकरणों के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सफाई निरीक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने वार्ड का नक्शा रखें और उसमें नालों की संख्या, कौन सा नाला कहां से शुरु हो रहा है और कहां समाप्त हो रहा है, उसमें इसकी पूरी जानकारी रहनी चाहिए।

अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि शहर में 39 स्थानों पर जलभराव होता था, तीन स्थानों पर समस्या का निदान करा दिया गया है लेकिन 36 स्थानों पर अभी जलभराव की समस्या रहती है। नगरायुक्त ने कहा कि कितने स्थानों पर जलभराव अधिक समय तक और कितने स्थानों पर बारिश के दो तीन घंटे तक रहता है, उन्हें अलग-अलग चिन्हित करें। उन्होंने सफाई निरीक्षकों से कहा कि उनके किस क्षेत्र में जलभराव रहता है, उसकी जानकारी के साथ जल निकासी पर सुझाव भी दें। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के कारण अभी कोई नया निर्माण संभव नहीं है। आचार संहिता हटने के बाद टेंडर प्रक्रिया और फिर कार्य शुरु होने में काफी समय लग सकता है, तब तक जुलाई आ जायेगा और बारिश शुरु हो जायेगी। इसलिए जरुरी है कि जल भराव समाधान के लिए कार्ययोजना बनाकर अभी से काम शुरु किया जाए, ताकि शहर के लोगों को अधिक परेशानी न हो। उन्होंने सफाई निरीक्षकों से कहा कि वे निर्माण विभाग के जेई के साथ अपने अपने क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर इसका सर्वे कर लें और प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने ऐसे नालों और उनकी कनेक्टिविटी की गूगल मैपिंग कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, महाप्रबंधक जल बी के सिंह, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व इंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

# मिशन नगरीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु अमजद खान को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

अश्वनी कुमार/युरेशिया



नानौता। आदर्श नगर पंचायत चेयरपर्सन रूमाना खान तथा अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी द्वारा पूर्व सभासद अमजद खान को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का नगर का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। शुक्रवार को चेयरपर्सन रूमाना खान के प्रतिनिधि अफ्जाल खान व मुख्य लिपिक प्रदीप कुमार द्वारा पूर्व सभासद अमजद खान को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन अफ्जाल खान ने कहा निदेशक द्वारा दिये गए आदेश पर नगर में अमजद खान नगरीय स्वच्छ भारत मिशन में अपना अहम योगदान देकर नगर में सफाई व्यवस्था प्रथम श्रेणी के लिए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करेंगे। अमजद ख़ान की नियुक्ति पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# पुलिस मुठभेड़ में एक गोकशी करने वाले को किया गिरफ्तार

विकास शर्मा /युरेशिया



नकुड़ । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा जनपद में गोकशी नियंत्रण के अभियान के तहत समय सुबह रात्रि 4रू00 बजे पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान गांव साल्हापुर के पास एक खेत में पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए पुलिस के नजदीक पहुंचने के बाद देखा वह लोग गोकशी कर रहे थे तभी बदमाशों के द्वारा पुलिस को जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई जिसमें पुलिस की टीम बाल बाल बची आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश घायल हो गया वह तीन बदमाश भाग निकले घायल बदमाश की पहचान कलीम पुत्र हमीद कुरैशी निवासी गंदेवदाडा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर बताया जा रहा है उनके पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो कुल्हाड़ी,पांच छुरे एक सुजा 1जिंदा गौवंश बरामद हुआ

गिरफ्तार करने वाली टीम में मौजूद रहे थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गौतम निरक्षक सिराजुद्दीन उपनिरीक्षक शिवम चौधरी उप निरीक्षक बीरबल सिंह उप निरीक्षक महेंद्र सिंह उप निरीक्षक रोहिताश बैसला उप निरीक्षक नरेंद्र भड़ाना हेड कांस्टेबल सचिन ढाका कांस्टेबल गौरव कुमार कांस्टेबल आशू यादव कांस्टेबल लोकेश कुमार मौजूद रहे

# डायट में परिषदीय शिक्षकों के लिए आईटीसी लैब प्रशिक्षण आयोजित

नाथी सहल/युरेशिया



चिलकाना । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में समग्र शिक्षा के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थापित की जा रही आईसीटी लैब के उपयोगार्थ एक दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली एवं बागपत के खंड शिक्षा अधिकारियों, डाइट मेंटर एवं एसआरजी के द्वारा प्रतिभाग किया गया। शुक्रवार को कार्यशाला का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक एसएम सिद्दीकी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग जितना अधिक किया जाता है, शिक्षण उतना ही अधिक प्रभावी रहता है। शिक्षण अधिगम सामग्री में सबसे उच्च स्थान श्रव्य-दृश्य सामग्री का होता है। इसी बिंदु को ध्यान रखते हुए परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की जा रही है। इसके उपयोगार्थ ही एक दिवसीय मंडलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी महेंद्र अधिकारी ने कि यह प्रशिक्षण जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के निर्माण हेतु है। भविष्य में यह प्रशिक्षण डाइट स्तर पर उन सभी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित किया जाएगा, जिनमें आईसीटी लैब की स्थापना की गई है। प्रशिक्षण शिव नाडर फाऊंडेशन की प्रीति शर्मा, खान अकादमी के आयुष गुप्ता, कान्वीजीनियस के अंकित कुमार तथा इनवाइब्स के शिल्पी सती द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में डॉक्टर अजय कुमार, पंकज यादव, डॉक्टर कमाल अहमद, नरेंद्र कुमार, सागर चौहान सहित समस्त डाइट प्रवक्ताओं का सहयोग रहा।

## फेयरवेल पार्टी में मचाया धमाल





मोमीन अली/युरेशिया

नागल। शुक्रवार को आईआईएमटी कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं में जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

फेयरवेल पार्टी में पुरानी यादों व उत्साह का मिश्रण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत शीबा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने संस्थान में अपने समय के दौरान बीएड छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पार्टी में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत व नाटक प्रस्तुत कर जमकर वाह वाही लूटी। छात्रों ने अपने शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास का हिस्सा रहे संकाय, कर्मचारियों और सहपाठियों के प्रति आभार व्यक्त करने को मंच संभाला। भावनात्मक भाषण, हार्दिक धन्यवाद व सौहार्दपूर्ण क्षणों ने पार्टी को यादगार बना दिया। फेयरवेल पार्टी एक जीवंत डांस फ्लोर के साथ समाप्त हुई, जहां छात्र, संकाय व अतिथि अतीत व भविष्य का जश्न मनाने के लिए एक साथ शामिल हुए। कॉलेज निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने छात्रों को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व गुणों व योगदान के लिए सम्मानित किया।

## पुलिस ने किया नमक चोरी की घटना का खुलासा तीन गिरफ्तार



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। लंबे समय से दुकानों के बाहर रखें नमक, लाल व पीली मिट्टी के बोरे चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन बोरे नमक व 150 नामक के पाउच बरामद किए हैं। ? पुलिस ने पकड़े गए तीनों चोरों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि नागल बाजार में लंबे समय से बाइक सवार चोर नमक, लाल व पीली मिट्टी के बोरे चोरी कर रहे थे। जिसको लेकर व्यापारियों में खासा रोष था। नागल थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि 28 अप्रैल को किराना व्यापारी मनोज तायल ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसकी दुकान के बाहर रखे नमक के बोरे चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। उसने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दी थी जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी थी। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सहकारी समिति के निकट खाली पड़े गोदाम के पास तीन संदिग्ध खड़े हैं, जिनकी घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया। पकड़े गए चोरों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह काफी समय से दुकानों के बाहर रखे सामान को चोरी कर रहे हैं।

## वेतन न मिलने पर मीटर रीडरो ने किया अनिश्चित कार्य न करने का बहिष्कार



विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। बीते दो माह से वेतन न मिलने पर बिजली निगम से जुड़े मीटर रीड़रों ने अनिश्चित समय के लिए कार्य बहिष्कार कर दिया।

शुक्रवार को बिजलीघर के सभी मीटर रीड़र अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। मीटर रीड़र राजेश शर्मा, मोहित कुमार, नीरज अग्रवाल, संजय, रवि आदि ने बताया कि बीते दो माह से कंपनी उनका वेतन नहीं दे रही है। इसके अलावा कंपनी द्वारा उनके ईएसआई कार्ड भी निर्गत नही किए है। वेतन न मिलने से जीवन यापन करने की समस्या पैदा हो गई है। मीटर रीड़र्स ने अधिशासी अभियंता सत्येंद्र कुमार को मांगपत्र सौंपकर वेतन न मिलने तक कार्य बहिष्कार की घोषणा की। इस दौरान नबी हैदर, सोनू, दीपक, प्रमोद कुमार, अंकित, अभिषेक, अभय, सत्यपाल, जितेंद्र आदि मीटर रीड़र मौजूद रहे।

## स्वछता सर्वेक्षण के लिए मौ0मुन्तजिर को बनाया ब्रांड एम्बेसडर



नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना ।स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना की श्रेष्ठ रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से मो0 मुंतजिर, प्रधानाचार्य डीटीएस इंटर कॉलेज चिलकाना को नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त डीटीएस इंटर कॉलेज में स्वच्छ सारथी क्लब का गठन किया गया। स्वच्छ सारथी क्लब का नोडल ऑफिसर भी मो0 मुंतजिर प्रधानाचार्य डीटीएस इंटर को बनाते हुए स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से कस्बा सुल्तानपुर चिलकाना को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इस दौरान अशोक कुमार लिपिक, अब्दुल राजिक एसबीएम प्रभारी उपस्थित रहे।

एक नजर..

## विदाई महोत्सव का आयोजन




युरेशिया संवाददाता

मेरठ।स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफसाइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष प्रतिकुलपति डॉ अभय शंकरगोड़ा, डीन साइंस कॉलेज डॉ महावीर सिंह, डीन लॉ कॉलेज डॉ वैभव गोयल भारतीय, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन डॉ शशिराज तेवतिया द्वारा दीप प्रज्वलन करके हुआ। विदाई पार्टी में कुलपति डॉ जी के थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में तीन विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मि0 फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल का खिताब क्रमशः मुकुल शर्मा तथा अलमाश सैफी ने जीता। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को डीन साइंस, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन,संस्कृति विभाग साइंस कॉलेज, तथा अन्य शिक्षकों द्वारा इनके खिताब से नवाजा गया , तथा विभागाध्यक्ष द्वारा दो अन्य पुरूस्कार, मिस मानसी तथा मि0 मुकुल को, उत्तम छात्र की श्रेणी के लिए दिए। अंत में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीसीए प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ सभी शिक्षकों, का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## 04 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बच्चा पार्क में किया जाना है प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बच्चा पार्क मेरठ ने बताया कि संस्थान में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया जाना है। प्लेसमेन्ट करने वाली कम्पनी का नामः-तान्या ऑटोमोबाइल प्रा0 लि0, प्लेसमेंट का स्थान, दिनॉक एवं समयः-राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बच्चा पार्क, मेरठ दिनॉक 04-05-2024 10:00 बजे, आयु सीमाः-18 से 32 वर्ष (पुरुष एवं महिलाएं दोनों के लिए), तकनीकि योग्यताः-आईटीआई, दसवीं, बारहवीं (आईटीआई ऑल ट्रेड), वेतनः- रू0 12000-00 से रू0 15000-00 (8 घंटे) इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, आधार कार्ड समस्त मूल एवं छाया प्रति शैक्षिक प्रमाण-पत्र एवं चार पासपोर्ट साइज फोटो लेकर प्लेसमेन्ट प्रभारी सत्येन्द्र सिंह, कार्यदेशक मो0 9536926928 से सम्पर्क करें।

# विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**'आयुष्मान भारत, आरोग्य भारत, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना' जैसी शानदार स्वास्थ्य सेवाओं से आज अंतिम पायदान पर रखे व्यक्ति तक भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुच हुई सुनिश्चित- डा. सुधीर गिरि**

**'अनवरत रूप से पूरे वर्ष निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर' आयोजित कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करेगा वैंकटेश्वरा समूह- डा. राजीव त्यागी**



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सेवाओं को गाँव-गाँव पहुंचाने के मिशन 'चलो गाँव की ओर' के तहत आज' विश्व अस्थमा दिवस' पर वैंकटेश्वरा समूह के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल के आधा दर्जन गाँवों में एक 'निःशुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर' आयोजित किये गये। जिसमें एक हजार से अधिक मरीजों की निःशुल्क मेडिकल जांच एवं उपचार कर उन्हें दवाइयाँ वितरित की गयी। इसके साथ ही गंभीर रूप से दमा रोग, श्वांस रोग, टी.बी. एवं फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे एक दर्जन से अधिक मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार के लिए संस्थान की एम्बुलेंस वैन से विम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि ने कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजनाओं से गरीब आदमी भी लाखों रूपये का उपचार बिल्कुल मुफ्त पा रहा हैं। वैंकटेश्वरा का विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल रोजाना अपने यहां आने वाले हजारों मरीजों को सस्तीध् निःशुल्क विश्वस्तरीय चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले आज मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल में अलग-अलग जगह आयोजित स्वास्थ्य शिविरों' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आई. बी. राजू, हॉस्पिटल मार्केटिंग निदेशक एम. ए. चौधरी आदि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डा. ईकराम ईलाही, डा. मानिक त्यागी, डा. शिवम अग्रवाल, डा. रोहन त्यागी, डा. रवि मोहन, डा. मोनिका देशवाल, डा. शाहिद मीर, डा. प्राची त्यागी, डा. वारिस बिलाल, डा. जसकरन सिंह, डा. हेमन्त, डा. मोनिका, डा. कोमल, डा. जी. मनीषा, डा. अनुकृति, नर्सिंग सहायक बिलाल खान, सीमा चौहान, मोहित, ज्योति और अनुज आदि लोग शामिल रहे ।

## डॉ.इन्द्रजीत सिंह पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। भोपाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जीवन कौशल शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान हेतु सुभारती विश्वविद्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह को पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। पीएचडी की मानद उपाधि मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जैन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदु भूषण मिश्रा ने डॉ.इन्द्रजीत सिंह को प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. इन्द्रजीत सिंह स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में कार्यरत है। इसके साथ ही भारत सरकार के स्वास्थ्य और युवा मामलों के मंत्रालय के तहत राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा और खेल मामलों के संस्थान से जीवन कौशल शिक्षा में सलाहकार के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। पीएचडी की मानद उपाधि मिलने पर डॉ.इन्द्रजीत सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जीवन को सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल शिक्षा है। उन्होंने कहा कि अनुकूली तथा सकारात्मक व्यवहार की योग्यताएँ मानव को दैनिक जीवन की माँगों और चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सक्षम बनाती हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को जागरूक करने के लिए इसी दिशा में आने वाले समय में युवाओं से संबंधित सफलता हेतु मुख्य मुद्दे उनकी रोजगार क्षमता बढाने के लिये जीवन कौशल को बढ़ाया जा रहा है। प्रभावी संचार कौशल के साथ उनकी प्रतिस्पर्धा अनुकूलता हेतु कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही वास्तविक जीवन की स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने के साथ उनकी समस्या सुलझाने और मुकाबला करने के लिए ज्ञानवर्धक करना और विशेष रूप से विश्वास निर्माण उनके पारस्परिक संबंध कौशल के लिए काम किये जा रहे है। उक्त सभी बिन्दुओं के तहत युवाओं का वह मार्गदर्शन कर रहे है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें बधाई दी गई।

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में विभागीय परिषद के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अंजू सिंह द्वारा मां शारदे के समक्ष माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विभागीय परिषद के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्रो0 सुधा रानी सिंह, डी0 लिट्0 हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इसके अतिरिक्त महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'नारी सुरक्षा, समानता और सम्मान' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें कु0 कशिश चड्ढ़ा ने प्रथम कु0 सलोनी और कु0 अदिति ने द्वितीय तथा कु0 प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी वक्तृत्व प्रतिभा का परिचय दिया।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

युरेशिया संवाददाता



मेरठ।स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग ने ओपन कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) 2024 का आयोजन मेजर जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों जैसे एम.आई.टी मेरठ, विद्या नॉलेज पार्क, मिलेनियम पब्लिक स्कूल, एन.ए. एस. कॉलेज मेरठ, सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, लॉयड टाइगर, यूपी योद्धा, मेरठ कबड्डी अकैडमी, विजेंद्र कबड्डी अकैडमी, केशव गाजियाबाद, सर्वोदय इंटर कॉलेज बागपत, 12 बटालियन जाट रेजीमेंट, ए.पी.एस. अरनावली,ए.एस. अकादमी आदि टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ मंजू अधिकारी एवं सहसंयोजक संजीत प्रसाद के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ संदीप चौधरी संकाय अध्यक्ष शिक्षा विभाग के द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, समस्त कॉलेजों के संकाय अध्यक्ष, समस्त आचार्य, छात्रों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ जी के थपलियाल के द्वारा कबड्डी के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जी.के. थपलियाल द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। उन्होंने शिक्षा संकाय अध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ संदीप चौधरी एवं उनकी संपूर्ण आयोजक टीम को सफल पूर्वक टूर्नामेंट आयोजित करने की शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं कार्यवाहक ने विभिन्न भूमिकाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यूपी योद्धा, द्वितीय स्थान बी.के. अकादमी एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान एन.ए.एस कॉलेज एवं 12 बटालियन जाट रेजीमेंट ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 4001 रुपए की धनराशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3001 रुपए की धनराशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2001 रुपए की पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल भेंट किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ मनोज कुमार, सनोज, पुलकित चौधरी एवं विकास चौधरी के द्वारा निभाई गई। इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ मंजू अधिकारी, डॉ प्रवीण शेहरावत, डॉ दीपक राघव, डॉ अतुल तिवारी, डॉ सलीम जावेद, डॉ. तुषार आर्लेकर, डॉ. अंकित सिंह जादौन, शुभम राठी, कपिल शाक्य ने भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

## राजकीय बाल गृह में निवासरत 24 बच्चों का बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में नामांकन कराया





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। राजकीय बाल गृह( बालक) में निवासरत बालकों का जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन एवम ? जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में प्रतिष्ठित विद्यालय बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल जागृति विहार में 24 बच्चों का नामांकन कराया गया। विद्यालय पहुंचकर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवम स्कूल प्रबंधन सहित उपस्थित अन्य अधिकारीगण द्वारा बालकों का उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर बालकों द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## हम चाहते हैं कि अतीत की इस गौरवशाली परंपरा का भविष्य उज्ज्वल हो- प्रो.असलम जमशेदपुरी



**बैत बाजी के लिए न केवल भाषाई ज्ञान, कविता की समझ बल्कि व्यापक पढ़ना भी बहुत महत्वपूर्ण है: रमा नेहरू**

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और वी कमिट सोसायटी, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में बैत बाजी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वी-कमिट की संस्थापक और अध्यक्षता कर रही रमा नेहरू ने कहा कि मैं उर्दू विभाग को बधाई देना चाहती हूं जिन्होंने एक बहुत ही सुंदर कार्यक्रम श्बैत बाजीश् का आयोजन किया। मुझे यह कार्यक्रम बहुत पसंद आया। ऐसे कार्यक्रम न केवल दिलचस्प होते हैं, बल्कि छात्रों में पढ़ने के प्रति रुचि और जुनून भी पैदा करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. इरशाद स्यानवी ने कुरान पाक की तिलावत से की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एडवोकेट कौसर नदीम ने दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मशहूर शायर वारिस वारसी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली, मुस्लिम गर्ल्स कॉलेज, बुलंदशहर, फैज ए आम डिग्री कॉलेज एवं उर्दू विभाग सीसीएसयू,मेरठ के छात्र-छात्राओं में सहभागिता की। नि र्णायक मंडल में मशहूर शायर असरारुल हक असरार और डॉ. ईश्वर चंद गंभीर शामिल रहे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया एवं उर्दू विभाग सीसीएसयू की टीम संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर, फैज ए आम की टीम द्वितीय स्थान पर और मुस्लिम गर्ल्स कॉलेज बुलंदशहर की टीम तृतीय स्थान पर रही। को मैन ऑफद बैतबाजी का खिताब दिया गया। डॉ. शादाब अलीम ने कहा कि बैत बाजी की परंपरा धीरे-धीरे कम हो रही है। इसे पुनर्जीवित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का विशेष लक्ष्य है। डॉ. आसिफअली ने कहा कि बैतबाजी छात्रों में कविता पढ़ने की आदत भी पैदा करती है और उन्हें शिक्षकों और कवियों की कई कविताएँ याद आती हैं जो उनमें साहित्यिक रुचि जगाती हैं उर्दू विभाग का विशेष उद्देश्य छात्रों को शिक्षण के साथ-साथ साहित्यिक प्रशिक्षण भी प्रदान करना है। इसका अतीत बहुत गौरवशाली था लेकिन वर्तमान इसके लिए गुरुओं के साथ-साथ शिक्षक और आज की भाग लेने वाली टीमों के प्रदर्शन से यह अच्छी तरह से अनुमान लगाया जा सकता है कि नई पीढ़ी में सीखने के लिए बहुत प्रतिभा और जुनून है यदि उनकी जिम्मेदारी पूरी हो तो बैत बाजी का भविष्य अतीत की तरह उज्ज्वल हो सकता है। प्रो. असलम जमशेदपुरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा, सभी छात्रों ने बहुत मेहनत की भाग लेने वाली टीमें बधाई की पात्र हैं, विशेषकर जामिया मिल्लिया इस्लामिया टीम की तैयारी बहुत अच्छी थी और इस टीम ने बहुत अच्छा खेला, इस परंपरा का भविष्य उज्ज्वल हो। कार्यक्रम में डॉ. नसरीन, डॉ. सईदा. इंजीनियर रिफ्त जमाली, मदीहा असलम, आबिद सैफी, सलीम सैफी, शाहनाज परवीन, सैयदा मरियम इलाही, अतहर खान, शाहे जमन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# इनरव्हील क्लब मेरठ यूथविंग्स ने किया विशेष सत्र का आयोजन

**कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं संयोजक ने भाग लिया**

**बच्चों में होने वाले आत्म केन्द्रीकरण एवं अतिसक्रियता पर दी जानकारी**



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शुक्रवार को इनरव्हील क्लब मेरठ यूथविंग्स द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलिज, मेरठ के सेमिनार हॉल में डॉ0 इंची लोनियाल द्वारा समावेशन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र का शुभारम्भ मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि डॉ0 इंची लोनियाल, क्लब अध्यक्ष शुभि बंसल एवं क्लब सचिव प्रियांशु अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने बच्चों में होने वाले आत्म केन्द्रीकरण एवं अतिसक्रियता पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ0 इंची लोनियाल ने बच्चों को इन मानसिक स्थितियों के कैसे बचाया जा सकता है, के बारे में भी अवगत कराया। इस सत्र में आईआईएमटी एकेडमी, आईआईएमटी स्टार्ज, केएल इण्टरनेशनल स्कूल एवं गार्गी स्कूल इत्यादि शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं संयोजक सहित कुल 125 अध्यापकों की उपस्थिति रही। सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। मंच का संचालन पल्लवी जैन एवं पलकी जैन ने किया। इस अवसर पर प्रिया जैन, सग्रीन साहनी, शिल्पी वढेरा, राधिका मित्तल, दीपाली जैन, रिंकी जैन, सृष्टि गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहीं।

# इटावा और संभाल के चुनाव प्रभारी बने शफीक अहमद

युरेशिया संवाददाता

जानी खुर्द। सपा ने राष्ट्रीय सचिव शफीक अहमद को इटावा और संभल का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। शफीक अहमद को चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शफीक अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुझ पर विश्वास जताया है और इटावा और संभल का चुनाव प्रभारी बनाया है। चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगाऊंगा और लोकसभा प्रत्याशियों को जीता कर लाऊंगा।






मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)